website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 86 | पेज: 8 | जयपुर, शनिवार, 07 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## ग्रेटर नोएडा में 300 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन

### • मुख्यमंत्री योगी बोले— डॉक्टरों का आत्मविश्वास मरीजों के लिए अहम

**यूपी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र में बने केडीएसजी सुपर विशिष्ट अस्पताल का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान कपिल देव और गौतम बुद्ध नगर



से सांसद महेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि चिकित्सकों का व्यवहार और आत्मविश्वास मरीजों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि जब कपिल देव गेंदबाजी के लिए मैदान में उतरते थे तो पाकिस्तान की टीम पहले ही दबाव में आ जाती थी। उसी प्रकार यदि चिकित्सक आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ मरीजों का इलाज करें तो मरीज की आधी बीमारी उसी समय दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि जब दवा और दुआ दोनों साथ मिलती हैं तो मरीज जल्दी स्वस्थ होता है और अस्पताल की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दादरी में बने इस सुपर विशिष्ट अस्पताल से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी आवश्यक बताया। उन्होंने Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana का उल्लेख करते हुए कहा कि यह देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं में से एक बन चुकी है, जिससे लगभग 60 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अब तक 5 करोड़ से अधिक स्वर्ण कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनके तहत लाभार्थियों को 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार मिल सकता है। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बने 300 शैय्या वाले इस अस्पताल में हृदय रोग, कैंसर और तंत्रिका रोग जैसे उन्नत उपचार उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही यहां आधुनिक शल्य चिकित्सा की सुविधाएं भी होंगी। अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र में लगभग 1000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है।

## 19 साल की उम्र में बनी देश की सबसे कम उम्र की महिला CA

### • झुंझुनूं की राजकुमारी पारीक ने रचा इतिहास

**जयपुर/झुंझुनूं।** राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा देशभर में मनवाया है। झुंझुनूं जिले की मेधावी छात्रा राजकुमारी पारीक ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (CA) फाइनल परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने महज 19 साल और 126 दिन की उम्र में यह कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर देश की सबसे कम उम्र की महिला चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का गौरव



हासिल किया है। राजकुमारी की इस उपलब्धि ने पहले से मौजूद रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड मध्य प्रदेश के मुरैना की नंदिनी अग्रवाल के नाम था, जिन्होंने लगभग 19 साल और 330 दिन की उम्र में CA फाइनल परीक्षा पास की थी। राजकुमारी ने इस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अपने छोटे से शहर झुंझुनूं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। राजकुमारी पारीक का जन्म और पालन-पोषण झुंझुनूं के श्यामनगर, गुढ़ा रोड क्षेत्र में हुआ। उनके पिता हेमंत कुमार पारीक अरुणाचल प्रदेश में मोटर पार्ट्स के व्यापारी हैं, जबकि उनकी माता सावित्री देवी गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई झुंझुनूं में ही पूरी की और बाद में सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज, झुंझुनूं से उच्च शिक्षा प्राप्त की। राजकुमारी ने CPT और CA इंटरमीडिएट की पढ़ाई स्थानीय स्तर पर पूरी की, जबकि अपनी आर्टिकलशिप झुंझुनूं की प्रसिद्ध फर्म G N A & Co. से की। इसके बाद उन्होंने CA फाइनल परीक्षा भी सफलतापूर्वक पास कर यह साबित कर दिया कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी बड़े मुकाम हासिल कर सकते हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा को देश की सबसे कठिन पेशेवर परीक्षाओं में गिना जाता है, जिसे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) आयोजित करता है। इतनी कम उम्र में इसके सभी चरणों को पार करना राजकुमारी की कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि पर झुंझुनूं और पूरे शेखावाटी क्षेत्र में खुशी की लहर है और हर ओर उनकी सफलता की सराहना हो रही है।

## प्रधानमंत्री ने बजट पश्चात वेबिनार में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने पर दिया जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने "कृषि और ग्रामीण परिवर्तन" विषय पर आयोजित बजट पश्चात वेबिनार के तीसरे सत्र में प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि बजट निर्माण में दिए गए सुझावों का परिणाम अब दिख रहा है, और अब महत्वपूर्ण यह है कि बजट का पूरा लाभ देश को मिले।



**एमएसपी सुधार और किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा**

प्रधानमंत्री ने बताया कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और दीर्घकालीन विकास का स्ट्रैटेजिक पिलर है। करीब 10 करोड़ किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 4 लाख करोड़ रुपए मिले हैं। MSP सुधारों से किसानों को डेढ़ गुना तक अधिक रिटर्न मिल रहा है, जबकि इंस्टिट्यूशनल क्रेडिट कवरेज 75% से अधिक हो चुकी है। पीएम फसल बीमा योजना के तहत लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के क्लेम सेटल किए गए हैं। ऐसे प्रयासों से किसानों का रिस्क कम हुआ है और उन्हें बेसिक आर्थिक सुरक्षा मिली है।

**नई ऊर्जा और हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर**

प्रधानमंत्री ने हाई-वैल्यू एग्रीकल्चर, जैसे नारियल, काजू, कोको और चंदन पर विशेष जोर दिया। दक्षिणी राज्यों के किसानों के लिए अतिरिक्त लाभ सुनिश्चित करने के उपाय किए गए हैं। नॉर्थ ईस्ट और हिमालयन राज्यों में टेम्परेट नट और अगरवुड क्रॉप्स को बढ़ावा देने का प्रस्ताव बजट में रखा गया है। एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड प्रोडक्शन बढ़ाने से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और रोजगार सृजन होगा।

**फिशरीज और पशुपालन: ग्रामीण आय के नए स्रोत**

फिशरीज सेक्टर में 4 लाख टन उत्पादन है, लेकिन इसमें 20 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की संभावना मौजूद है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक देश है। पशुपालन भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हाई ग्रोथ पिलर है। देश दुनिया का सबसे बड़ा मिल्क प्रोड्यूसर है और एग प्रोडक्शन में दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने गोबरधन योजना और एनिमल हसबेंड्री इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड जैसे उपायों का उल्लेख किया।

**क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और प्राकृतिक खेती**

प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल एक ही फसल पर निर्भर रहना जोखिम भरा है। इसलिए क्रॉप डायवर्सिफिकेशन, नेचुरल फार्मिंग और केमिकल-फ्री खेती पर जोर दिया गया। ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स से वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी।

**डिजिटल और तकनीकी पहल**

e-NAM और एग्रीस्टैक जैसी डिजिटल पहलें किसानों और रिसर्च संस्थाओं को जोड़ रही हैं। अब तक लगभग 9 करोड़ किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जा चुकी है और 30 करोड़ भूमि पार्सलों का डिजिटल सर्वे किया गया है। प्रधानमंत्री ने टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन और इनोवेशन पर सुझाव देने का आग्रह किया।

**ग्रामीण समृद्धि और महिलाओं का सशक्तिकरण**

प्रधानमंत्री ने ग्रामीण समृद्धि के लिए पीएम आवास योजना, ग्रामीण सड़क योजना और स्वयं सहायता समूहों की मदद का उल्लेख किया। लखपति दीदी अभियान में अब तक 3 करोड़ महिलाएं शामिल हुई हैं और 2029 तक 3 करोड़ और जोड़ने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि वेबिनार में निकले सुझाव बजट प्रावधानों को जमीन पर लागू करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा लाने में मदद करेंगे।

## IRIS Dena पर अमेरिकी हमले से गरमाई सियासत, ओवैसी ने सरकार से मांगा जवाब



नई दिल्ली। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भारत से लौट रहे ईरानी फ्रिगेट (युद्धपोत) आईरिस देना (IRIS Dena) पर अमेरिकी हमले को लेकर सरकार से उसका रुख स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने हमले की कड़ी आलोचना की है और सरकार से भी अपील की है कि वह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अमेरिकी कार्रवाई की निंदा करे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर असदुद्दीन ओवैसी ने पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'अमेरिकी नौसेना के भारतीय जलक्षेत्र के इतने करीब ईरानी जहाज डुबोने को लेकर बहुत सारे सवाल हैं, जिनके जवाब नहीं मिले हैं। जवाब सरकार को देने चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। यह हमारे देश के लोगों के प्रति उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी को नजरअंदाज करना है।' असदुद्दीन ओवैसी ने सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की कि क्या ट्रंप प्रशासन ने ईरानी जहाज को निशाना बनाने से पहले उन्हें इसे लेकर सूचित किया था। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'क्या ट्रंप प्रशासन ने भारतीय जलक्षेत्र के इतने करीब न्यूक्लियर सबमरीन इस्तेमाल करने और वॉर जोन को बढ़ाने का फैसला करने से पहले भारत सरकार को बताया था? आखिर हम भी क्वाड के सदस्य हैं और अमेरिका के रणनीतिक साझेदार हैं।' असदुद्दीन ओवैसी ने पूछा, 'अगर यह चीनी नौसेना के लिए इन जलक्षेत्र में काम करने का एक उदाहरण बन जाता है, तो क्या मोदी सरकार तब भी चुप रहेगी?' ओवैसी ने एक और पोस्ट में लिखा, 'अगर अमेरिका आसपास मौजूद दो अन्य ईरानी जहाजों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई दोहराता है, तो क्या सरकार तब भी रेत में सिर छिपाए शुतुरमुर्ग की तरह व्यवहार करेगी।' असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा, 'यह भारत की लंबे समय से बनी रणनीतिक संप्रभुता की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाता है और हमें वैश्विक मंचों पर अप्रासंगिक बना सकता है।' उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार इस घटना की स्पष्ट शब्दों में निंदा करे और प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अमेरिका की ओर से ईरान पर किए गए हमले पर अपना विस्तृत रुख स्पष्ट करे। अमेरिका ने बुधवार (4 मार्च, 2026) को ईरानी फ्रिगेट को टारपीडो के हमले में डुबो दिया था। यह कुछ दिन पहले ही भारत के साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा लेने के लिए आया था और यह ईरान वापस लौट रहा था, तभी श्रीलंका के पास इस पर हमला हुआ, जिसमें जहाज डूब गया और इसमें 80 से ज्यादा ईरानी नाविक मारे गए।

## एक महीने के लिए एकांतवास में जाएंगे बागेश्वर बाबा

### • बद्रीनाथ की पहाड़ियों में करेंगे साधना



छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक महीने तक दुनिया से दूर रहने का बड़ा फैसला लिया है। इस दौरान वे किसी भी तरह के सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। जानकारी के अनुसार वे न तो बागेश्वरधाम में रहेंगे, न कथा करेंगे और न ही दिव्य दरबार लगाएंगे। इतना ही नहीं, इस अवधि में वे मोबाइल, टीवी, इंटरव्यू और सोशल मीडिया से भी पूरी तरह दूर रहेंगे तथा किसी से संपर्क में नहीं रहेंगे। बताया जा रहा है कि मई महीने में धीरेंद्र शास्त्री मध्य प्रदेश से दूर उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम की पहाड़ियों में जाएंगे, जहां वे एकांतवास में रहकर साधना और तपस्या करेंगे। इस दौरान वे पूरी तरह ईश्वर भक्ति में लीन रहेंगे और बाहरी दुनिया से खुद को अलग रखेंगे। उन्होंने हाल ही में अपने भक्तों को इस साधना के बारे में जानकारी दी थी। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक साधना की बहुत आवश्यकता है। उनके अनुसार जीवन में कई ऐसे रास्ते आते हैं जो इंसान को भटका सकते हैं, इसलिए खुद को साधना और तप में रखना जरूरी है। इसी कारण गुरु की आज्ञा से वे एक महीने के लिए बद्रीनाथ की पहाड़ियों में जा रहे हैं, जहां वे करीब 21 दिन तक कठोर साधना करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान वे सभी तरह की गतिविधियों से दूर रहेंगे। साधना पूरी करने के बाद वे नई ऊर्जा, नई सोच और नई योजनाओं के साथ वापस लौटेंगे और समाज के लिए कुछ नया करने की कोशिश करेंगे।

## यूपीएससी सीएसई 2025 में अनुज अग्निहोत्री बने टॉपर



नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है, जिसमें अनुज अग्निहोत्री ने पहला स्थान हासिल किया है। अनुज का संबंध राजस्थान के रावतभाटा से है, जहां उनके पिता राजस्थान परमाणु बिजलीघर में कार्यरत हैं और उनकी शुरुआती पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से हुई। मूल रूप से वे जोधपुर जिले के रहाटा गांव के निवासी हैं। अनुज ने एम्स जोधपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई 2023 में पूरी की थी। इससे पहले उन्हें 2023 में डैनिक्स (DANICS) सेवा भी आवंटित हुई थी। अब यूपीएससी में टॉप कर उन्होंने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

## बसपा विधायक उमाशंकर सिंह पर आयकर विभाग की सख्ती, बैंक खातों और संपत्तियों की जांच तेज

यूपी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) विधायक उमाशंकर सिंह पर आयकर विभाग ने शिकंजा कसा है, आयकर विभाग ने विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनियों व करीबियों के बैंक खातों की जांच की तैयारी शुरू कर दी है। आयकर विभाग ने संबंधित बैंकों से इस संबंध में खातों की विस्तृत जानकारी मांगी है। इसके साथ ही आयकर विभाग ने बहुजन समाज पार्टी विधायक उमाशंकर सिंह के ठिकानें से मिले भूमि के पट्टों की भी जांच शुरू कर दी है। दरअसल, आरोप बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनी ने बेनामी पट्टों के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध खनन किया था। पिछले वर्ष आई सीएजी रिपोर्ट में सामने आया था कि विधायक उमाशंकर सिंह की कंपनियों ने अवैध खनन के जरिये सरकार को 60 करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया था। इसी आधार



पर इनकम टैक्स विभाग ने बसपा विधायक के लखनऊ, बलिया, सौनघद्र व प्रयागराज सहित 30 ठिकानों पर रेड मारी थी।

**तीन दिन छापेमारी में 10 करोड़ कैश और संपत्तियों के दस्तावेज मिले**

विधायक के ठिकानों पर 3 तीनों तक चली छापेमारी के दौरान 10 करोड़ रुपये नकद व कई संपत्तियों के दस्तावेज बरामद हुए थे। इसके अलावा आयकर विभाग को बेनामी पट्ट मिले थे। इनकी जांच की जा रही। लखनऊ के सदर बाजार स्थित बसपा विधायक के करीबी मोहम्मद इश्तिया नामक खनन कारोबारी को बेनामी पट्टे के जरिये अवैध खनन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**जांच में 100 से अधिक बैंक खातों की जानकारी आई सामने**

यह भी जानकारी है कि, आयकर विभाग की अभी तक गई जांच में बसपा विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबी कंपनियों के 100 से अधिक बैंक खातों की जानकारी मिल चुकी है। आयकर विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि यह सभी खाते सोनभद्र, बलिया, लखनऊ, दिल्ली और प्रयागराज स्थित विभिन्न बैंकों की शाखाओं से संबंधित हैं। आपको बता दें कि बसपा विधायक उमाशंकर सिंह (55) बलिया जिले के रसड़ा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह तीन बार के विधायक हैं।

## नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर जदयू में सियासी घमासान

पटना। बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले को लेकर जदयू में हलचल तेज हो गई है। पार्टी के कई कार्यकर्ता और नेता इस फैसले से नाराज बताए जा रहे हैं। जगह-जगह विरोध और धरना प्रदर्शन हो रहे हैं तथा कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व से फैसले पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पार्टी को खड़ा किया है, इसलिए उनकी बात सुनकर रास्ता निकालना होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा जाने से पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और जनता में अविश्वास की भावना पैदा हुई है, क्योंकि नीतीश कुमार के नाम पर एनडीए को जनादेश मिला था। वहीं मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि भाजपा अपना मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश को राज्यसभा भेज रही है, जिससे जदयू में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने संभावना जताई कि नीतीश कुमार अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकते हैं। बता दें कि नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है, जबकि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मार्च है और मतदान 16 मार्च को होगा।

### महाराष्ट्र बजट में किसानों को बड़ी राहत

## फडणवीस सरकार ने कर्जमाफी योजना का किया ऐलान

मुंबई।महाराष्ट्र सरकार ने अपने बजट में किसानों के लिए बड़ी राहत का ऐलान किया है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर सरकार ने पहले एक समिति गठित की थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर नई योजना लागू की जा रही है। इसके तहत 30 सितंबर 2025 तक जिन पात्र किसानों का फसल ऋण बकाया है, उन्हें राहत देने के लिए 'पुण्यबाई अहिल्याबाई होलकर किसान कर्जमाफी योजना' शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को अधिकतम 2 लाख रुपये तक के फसल ऋण की कर्जमाफी दी जाएगी, जिससे राज्य के लाखों किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य खेती को आधुनिक बनाना, किसानों की आय बढ़ाना और ग्रामीण ढांचे को मजबूत करना है।



इसी दिशा में मुख्यमंत्री बलीराजा शेत पाणंद योजना, प्राकृतिक खेती अभियान और कृषि मजदूरों को बीमा योजना में शामिल करने जैसे अहम फैसले लिए गए हैं। सरकार ने पहली बार खेतों में काम करने वाले कृषि मजदूरों की सुरक्षा को लेकर भी बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत गोपीनाथ मुंडे दुर्घटना सहायता योजना का दायरा बढ़ाकर कृषि मजदूरों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इससे दुर्घटना की स्थिति में मजदूरों के परिवारों को आर्थिक सहायता मिल सकेगी। बजट में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल खेती को बढ़ावा देने पर भी खास जोर दिया गया है। अगले दो वर्षों में पूरे राज्य में महाराष्ट्र प्राकृतिक खेती अभियान चलाया जाएगा, जिससे रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। महिला किसानों और पशुपालकों को भी इस बजट में विशेष महत्व दिया गया है। डेयरी, बकरी पालन और पोल्ट्री जैसे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए महिला किसानों के लिए अलग आर्थिक सहायता योजना शुरू की जाएगी। वहीं ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में करीब 23 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों और पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम दिलाने के लिए राज्य के 10 से 15 प्रमुख स्थानों पर कृषि उत्पादों की वैल्यू चेन विकसित करने की योजना है, जिससे किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच और उचित कीमत मिल सकेगी। कुल मिलाकर यह बजट खेती, ग्रामीण विकास और किसानों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाला माना जा रहा है।

## राजस्थान विधानसभा में जोरदार हंगामा, तीखी नोकझोंक के बीच दो अहम बिल पारित



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार (5 मार्च) को उस समय पूरी तरह गरमा गया जब सदन में दो महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। बहस इतनी तीखी हो गई कि देखते ही देखते सदन का माहौल हंगामे में बदल गया। नारेबाजी, वेल में पहुंचकर विरोध और विधायकों के बीच धक्का-मुक्की जैसी स्थिति के बावजूद सरकार ने 'राजस्थान जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2026' और 'राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक' को ध्वनिमत से पारित करा लिया।

**तीखी बहस से बढ़ा विवाद**

विधेयकों पर चर्चा के दौरान माहौल तब ज्यादा बिगड़ गया जब सभापति संदीप शर्मा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। डोटासरा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के विधायकों को अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। इस बात को लेकर कांग्रेस के कई विधायक नाराज हो गए और विरोध जताते हुए सदन के बीचों-बीच यानी वेल में पहुंच गए। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक भी अपनी सीटों से उठकर सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर नारेबाजी शुरू हो गई। कुछ देर के लिए ऐसा माहौल बन गया जैसे सदन किसी राजनीतिक अखाड़े में बदल गया हो। हंगामे के बीच शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और कांग्रेस विधायक हाकम अली के बीच तीखी बहस हो गई। दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों आमने-सामने आ गए और उनके बीच मुश्किल से एक फुट की दूरी रह गई। कुछ समय के लिए सदन में हाथापाई जैसी स्थिति बन गई, हालांकि अन्य विधायकों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

**आसन ने जताई नाराजगी**

लगातार बढ़ते हंगामे से नाराज सभापति ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि सदन में इस तरह का व्यवहार ठीक नहीं है और आप लोग दादागिरी कर रहे हैं। वहीं सत्ता पक्ष के कुछ नेताओं ने विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा कि विधानसभा को "नाथी का बाड़ा" न समझें। लगातार हंगामे के कारण आखिरकार सदन की कार्यवाही को करीब आधे घंटे के लिए स्थगित करना पड़ा। बाद में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग देखने के बाद उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

**दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान कानून में बड़े बदलाव**

सरकार द्वारा पारित राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) विधेयक के जरिए 1958 के पुराने कानून में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों का सीधा असर व्यापारियों और कर्मचारियों दोनों पर पड़ेगा। नए प्रावधानों के अनुसार काम करने की न्यूनतम आयु 12 साल से बढ़ाकर 14 साल कर दी गई है। साथ ही 14 से 18 साल के किशोरों के लिए रात में काम करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा काम के घंटों में भी बदलाव किया गया है। अब किसी कर्मचारी से एक दिन में अधिकतम 10 घंटे तक काम लिया जा सकेगा, जबकि पहले यह सीमा 9 घंटे थी। ओवरटाइम की सीमा भी एक तिमाही में 50 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे कर दी गई है, जिससे व्यापारियों को सीजनल काम के दौरान राहत मिलेगी। नए नियमों के मुताबिक हर 6 घंटे के काम के बाद कर्मचारियों को आधे घंटे का ब्रेक देना भी अनिवार्य होगा।

**जन विश्वास विधेयक से छोटे मामलों में राहत**

सरकार ने राजस्थान जन विश्वास (संशोधन) विधेयक के जरिए राज्य के 11 अलग-अलग कानूनों में बदलाव किया है। इसका मुख्य उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना और अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम करना बताया जा रहा है। इस विधेयक के तहत तकनीकी गलतियों या छोटे उल्लंघनों को अब आपराधिक अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। उदाहरण के तौर पर रिकॉर्ड समय पर जमा न करने जैसी चूक के मामलों में अब जेल की सजा नहीं होगी। वन अधिनियम और उद्योग सहायता जैसे कुछ कानूनों में जेल के प्रावधान को हटाकर केवल आर्थिक दंड यानी जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### नीतीश का अप्रत्याशित कदम

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

# सावधान: क्या एआई-कॉन्टेंट आपके बच्चे के दिमाग को 'री-वायर' कर रहा है?

## वैज्ञानिकों का खुलासा: 30 सेकंड के एआई वीडियो बच्चों की मौलिक सोच को कर रहे हैं खत्म; वास्तविकता और कल्पना के बीच का अंतर मिटने से बढ़ रहा है 'कॉग्निटिव डिसोनेंस' का खतरा



जयपुर | रॉयल पत्रिका इन्वेस्टिगेशन डेस्कआज के दौर में स्मार्टफोन बच्चों का नया 'डिजिटल बेबीसिटर' बन चुका है। यूट्यूब पर चलते रंगीन एआई (AI) वीडियो माता-पिताओं को सुकून देते हैं कि उनका बच्चा कुछ सीख रहा है, लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई डरावनी है। दुनिया भर के न्यूरोलॉजिस्ट और बाल व्यवहार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि एआई-जनरेटेड कॉन्टेंट बच्चों के सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के बजाय उनके 'न्यूरोलॉजिकल ब्लूप्रिंट' (दिमागी ढांचे) को स्थायी रूप से बिगाड़ रहा है।एआई का 'असली दिखने वाला झूठ' और विकसित होता दिमागछोटे बच्चों का दिमाग एक कोरी स्लेट की तरह होता है, जो अपने आस-पास की चीजों को देखकर वास्तविकता (Reality) का आधार बनाता है। जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की रिसर्चर मैककाल बूथ के अनुसार, एआई द्वारा बनाए गए जानवरों और किरदारों के वीडियो अक्सर 'अति-वास्तविक' (Hyper-realistic) दिखते हैं, लेकिन उनमें प्राकृतिक भौतिकी (Physics) और तर्क की कमी होती है।जब बच्चा लगातार ऐसी गतिविधियों को देखता है जो असल दुनिया में असंभव हैं (जैसे उड़ने वाले हाथी या विकृत चेहरे), तो उसका दिमाग 'इम्पॉसिबल रियलिटी' के अनुकूल होने लगता है।

इसका नतीजा यह होता है कि भविष्य में ये बच्चे 'डीपफेक' और असली सूचनाओं के बीच अंतर करने की क्षमता खो सकते हैं।30 सेकंड का 'डोपामाइन लूप' और घटता अटेंशन स्पैनमिशिगन यूनिवर्सिटी की डॉ. जेनी राडेस्की ने एक गंभीर समस्या की ओर इशारा किया है— 'शॉर्ट-फॉर्म कॉन्टेंट'। एआई टूल्स से बने अधिकांश वीडियो 30 से 60 सेकंड के होते हैं।त्वरित संतुष्टि: ये वीडियो दिमाग में डोपामाइन का स्तर अचानक बढ़ा देते हैं, जिससे बच्चों को तुरंत खुशी मिलती है।

सोचने की फुर्सत नहीं: छोटे अंतराल के कारण बच्चे को यह सोचने का समय ही नहीं मिलता कि उसने क्या देखा। इससे उसकी 'क्रिटिकल थिंकिंग' (तार्किक सोच) का विकास रुक जाता है।ध्यान की कमी: शोध बताते हैं कि जो बच्चे बचपन में अत्यधिक शॉर्ट वीडियो देखते हैं, उन्हें स्कूल में लंबी किताबों या पाठों पर ध्यान केंद्रित करने में भारी मुश्किल आती है।विकृत दृश्य और मानसिक तनाव (The Uncanny Valley Effect)कई एआई वीडियो में इंसानी चेहरों या जानवरों के अंगों में तकनीकी खराबी (Glitches) होती है—जैसे अतिरिक्त उंगलियां या आंखों का अजीब हिलना।

बड़े इसे तकनीकी चूक मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन बच्चों के अवचेतन मन पर यह 'डरावना' प्रभाव डालता है। इसे विज्ञान में 'अनकैनी वैली' प्रभाव कहा जाता है, जो बच्चों में बिना वजह के डर, चिड़चिड़ेपन और रात में बुरे सपने आने की वजह बन सकता है।विशेषज्ञों का 'एक्शन प्लान': बच्चों को कैसे बचाएं?अमेरिकन पीडियाट्रिक्स अकादमी और स्थानीय विशेषज्ञों ने माता-पिता के लिए एक 'डिजिटल सुरक्षा कवच' तैयार किया है:क्या करें?क्या न करें?सह-दर्शन (Co-viewing): बच्चे के साथ बैठकर वीडियो देखें और सवाल पूछें।अकेले स्क्रीन न दें: बच्चे को फोन देकर अपना काम करने की आदत बदलें।प्रमाणित स्रोत: केवल नेशनल जियोग्राफिक या डिस्कवरी जैसे प्रमाणित चैनल्स दिखाएं।

एआई शॉर्ट्स से बचें: टिकटॉक या यूट्यूब शॉर्ट्स पर चल रहे एआई ट्रेंड्स से दूर रखें।सक्रिय खेल: स्क्रीन टाइम के बदले मिट्टी, रंगों और खिलौनों के साथ खेलने को बढ़ावा दें।भोजन के समय नो स्क्रीन: खाते समय वीडियो दिखाने से पाचन और दिमाग दोनों पर बुरा असर पड़ता है।भविष्य की चुनौती: पहचान का संकटयदि एआई-निर्मित कॉन्टेंट पर नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आने वाली पीढ़ी एक ऐसे 'डिजिटल भ्रम' में बड़ी होगी जहाँ उन्हें सच और झूठ का फर्क ही नहीं पता होगा। विशेषज्ञों का मत है कि तकनीक बुरी नहीं है, लेकिन बच्चों के कोमल दिमाग पर इसका प्रयोग उन्हें 'मशीनी सोच' की ओर धकेल रहा है।

संपादकीय टिप्पणी: रॉयल पत्रिका अपने पाठकों से अपील करती है कि तकनीक को सुविधा बनाएं, संस्कार नहीं। अपने बच्चे के बचपन को एआई की कृत्रिम दुनिया से निकाल कर असलियत की धूप और छांव का अनुभव कराएं।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल




### छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

( लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित

दर्शन

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाजार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183 .06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

-रूहिश, रोहतक

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान



यरुशलम। ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इजराइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इजराइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## ऑफ बीट

### अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल। अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर्मी डे परेड संकलन का किया विमोचन

## -आर्मी डे परेड में योगदान देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 78वें सेना दिवस पर आयोजित हुई ऐतिहासिक आर्मी डे परेड ने भारतीय सेना और जनमानस के बीच सेतु बांधने का काम किया तथा इस परेड ने राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार आर्मी डे परेड का छावनी क्षेत्र के बाहर आम नागरिकों के बीच जयपुर में सम्पन्न होना हम सब के लिए गौरव की बात है। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में सेना दिवस परेड-2026 संकलन पुस्तक एवं लघु फिल्म के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी 2026 की तारीख राजस्थान के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गई है। भव्य और व्यापक आर्मी डे परेड आयोजित कर हमने राजस्थान में नई परंपरा की शुरुआत की है।

**आर्मी डे परेड की भव्यता जनमानस के मन-मस्तिष्क पर छाई —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान शूरवीरों के साथ ही शक्ति और भक्ति की धरती है। आर्मी डे परेड आयोजन ने हमारी युवा पीढ़ी को सेना के बलिदान, त्याग के साथ ही मेहनत और विजन को भी जानने का मौका दिया तथा राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन भव्य और व्यापक बन सका। आर्मी डे परेड की भव्यता जनमानस के मन-मस्तिष्क पर छा गई तथा आमजन को सेना को नजदीक से जानने का अवसर भी मिला।

**आर्मी डे परेड की सफलता, समन्वय का परिणाम —**

शर्मा ने कहा कि जनभागीदारी ही किसी भी राष्ट्रीय उत्सव की असली



शक्ति होती है। आर्मी डे परेड को आम लोगों ने अपने स्नेह और उत्साह से सफल बनाया। उन्होंने इस परेड की सफलता को विभिन्न विभागों के समन्वय का परिणाम बताते हुए कहा कि सभी विभागों ने अपनी-अपनी भूमिका का निर्वाह पूरी जिम्मेदारी के साथ किया। उन्होंने भारतीय सेना के सभी सैनिकों और अधिकारियों का भी अभिनंदन किया और कहा कि सेना का अनुशासन व समर्पण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा उनके कठिन परिश्रम ने इस परेड को उत्कृष्ट बनाया।

**आर्मी डे परेड का संकलन, आयोजन का दर्पण —**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्मी डे परेड का संकलन आयोजन से संबंधित परिश्रम, मेहनत और समन्वय की यात्रा का दर्पण है। इसके माध्यम से सैनिकों की ड्रिल, उपकरणों की तैनाती, और जनसाधारण की भागीदारी को जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह संकलन 8 करोड़ राजस्थानवासियों की भावना का भी दस्तावेज है।


**संकलन पुस्तक एवं लघु फिल्म का विमोचन —**

शर्मा ने सेना दिवस परेड-2026 की संकलन पुस्तक एवं लघु फिल्म का विमोचन किया। इस दौरान कार्यक्रम में लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के वीर सैनिकों ने शौर्य, त्याग और समर्पण से इस राष्ट्र को सुरक्षित और गौरवशाली बनाए रखा है। इस संकलन से उनकी वीरगाथा को स्मरण करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, उन्होंने आह्वान किया कि लघु फिल्म को विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक मंचों तक पहुंचाया जाए।

**प्रशासनिक, पुलिस एवं सैन्य अधिकारी सम्मानित —**

मुख्यमंत्री ने आर्मी डे परेड के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रशासनिक, पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें प्रमुख शासन सचिव-सामान्य प्रशासन नवीन जैन, जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, जयपुर कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जनरल इंचार्ज-प्रशासन दक्षिण-पश्चिमी कमान मेजर जनरल अमर रामदासनी, कर्नल संदीप श्रीधरन एवं कर्नल हरिन्दर सुमरा शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सप्तशक्ति कमान के सेना कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित सेना के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में विकसित की जा रही हैं डिजिटल लाइब्रेरी - शिक्षा मंत्री



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक राजेन्द्र गुर्जर द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में टोंक जिले में 13 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 4 विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी संचालित हैं। इनमें राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अलीगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली, दूनी तथा उनियारा शामिल हैं। इससे पूर्व मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में शिक्षा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में "आधुनिक पुस्तकालय" शीर्षक से कोई पृथक योजना, कार्यक्रम या गतिविधि संचालित नहीं की जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के टास्क 1.9 के अंतर्गत विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थापना और उनके अधिकतम उपयोग के लिए 3 दिसम्बर 2025 को परिपत्र जारी किया गया है।

# ग्रीष्म ऋतु में जयपुर में निर्बाध जल आपूर्ति हर हाल में हो सुनिश्चित

## - आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आगामी ग्रीष्म ऋतु में आमजन को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित संबंधित विभागों द्वारा तैयार किए जा रहे समर कंटीजेंसी प्लान की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए समर कंटीजेंसी प्लान को पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ तैयार किया जाए तथा उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पेयजल आपूर्ति से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने जयपुर शहर में चल रही विभिन्न पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे गर्मी के दौरान शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति में बाधा आने की संभावना हो या अतिरिक्त मांग उत्पन्न हो, वहां समय पर टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की प्रभावी व्यवस्था की जाए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिये कि पेयजल आपूर्ति से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विभागीय समन्वय के साथ कार्य किया जाए और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी समय रहते तैयार रखी जाएं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश मूंड, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता हिमांशु मील, अधीक्षण अभियंता शुभांशु दीक्षित सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शाहपुरा की मोती मस्जिद में अकीदत से अदा हुई जुमे की नमाज़

## -नमाज़, ज़कात और रोज़े की फ़ज़ीलत बयां की



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। शाहपुरा मुक़ामी मनोहरपुर दरवाज़े के पास मोती मस्जिद में जुमे की नमाज़ पूरी अकीदत और एहतेराम के साथ अदा की गई। नमाज़ की इमामत पेश इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद आबिद साहब ने फ़रमाई। समाज सेवी महबूब ने बताया कि इस मुक़द्दस मौके पर नमाज़ियों से ख़िताब करते हुए उन्होंने नमाज़, ज़कात और रोज़े की फ़ज़ीलत और इंसानी ज़िंदगी में इनकी अहमियत पर तफ़सीली रोशनी डाली। इमाम साहब ने हिदायत दी कि पाबंदी से नमाज़ क़ायम करो। उन्होंने फ़रमाया कि अपने माल से हक़ के मुताबिक़ ज़कात अदा करो ताकि माल पाक-ओ-साफ़ रहे। साथ ही, फ़र्ज़ रोज़े मुकम्मल करने की ताकीद की, जिससे जिस्मानी मज़बूती हासिल होती है और इंसान हर क़िस्म के बोझ से आज़ाद रहता है। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के सदर मोहम्मद इक़बाल, सेक्रेट्री मोहम्मद जहूर, मदरसा सेक्रेट्री मोहम्मद मुख्तयार मंसूरी, वार्ड 13 के पार्षद (भाजपा) नवाब भाई, एडवोकेट जैनुल आबेदीन, लियाक़त भाई, इरफ़ान भाई और याक़ूब भाई समेत क़ौम की कई मुअज़्ज़िज़ और मोतबर शख्सियतों ने शिरकत की।

# मेडिकल कॉलेजों की सम्बद्धता परीक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति होगी गठित - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने विधान सभा में शुक्रवार को कहा कि प्रदेश में दो मेडिकल यूनिवर्सिटी के माध्यम से मेडिकल कॉलेजों की सम्बद्धता की गई है। इनमें, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) जयपुर और मारवाड़ मेडिकल विश्वविद्यालय (एमएमयू), जोधपुर से विभिन्न जिलों के मेडिकल कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है। खींवसर शून्यकाल में सदस्य श्रीचंद कृपलानी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। मेवाड़ क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों का जयपुर स्थित आरयूएचएस से जोधपुर के एमएमयू में स्थानांतरित करने के निर्णय पर पुनर्विचार के सम्बंध में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेजों का संचालन हो रहा है। ऐसी स्थिति में सम्बद्धता और अन्य प्रशासनिक कार्यों की सुविधा के लिए प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र और बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए एमएमयू जोधपुर की स्थापना की गई थी। जोधपुर की एमएमयू के पहले बैच में 3 हजार 500 विद्यार्थी नामांकित हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य सरकार डिवीजन (संभाग) के बजाय जोनवाइज (क्षेत्रानुसार) मेडिकल कॉलेजों की सम्बद्धता को लेकर प्रयास करेगी। इससे मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न कार्यों का संचालन अधिक सुगमता से हो सकेगा। प्रदेश के विद्यार्थियों की सहायता के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू की गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस सम्बंध में परीक्षण के लिए 15 दिन में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी। इस समिति के सुझावों के आधार पर राज्य सरकार आगे की कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जो विद्यार्थी जिस यूनिवर्सिटी से नामांकित हैं, उन्हें उसी यूनिवर्सिटी से डिग्री प्रदान की जाएगी। खींवसर ने कहा कि एमएमयू यूनिवर्सिटी लगभग 100 बीघा भूमि पर स्थापित है। इसके विकास में 500 करोड़ रूपए खर्च होंगे। अभी 50 करोड़ रूपए से विभिन्न कार्य कराए जा चुके हैं। अन्य कार्यों को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# राजस्थान सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद प्रथम की बैठक

## -37 करोड़ रुपये से अधिक के 17 प्रकरणों की हुई सुनवाई

## -विलम्बित भुगतान के प्रकरणों का किया जा रहा त्वरित समाधान




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य के सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लंबित भुगतान के प्रकरणों के निस्तारण के लिए गठित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषदों की पिछले 3 महीने से निरंतर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त सुरेश ओला की अध्यक्षता में शुक्रवार को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद—प्रथम की बैठक आयोजित हुई। इसमें कुल 37.44 करोड रुपये के 17 प्रकरणों की सुनवाई की गई। ओला ने बताया कि पिछले 3 माह में राज्य की सुविधा परिषदों की कुल 35 बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इनमें विलम्बित भुगतान के कुल 342 करोड रूपये के 870 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से लगभग 47.48 करोड रूपये के 187 प्रकरणों का निस्तारण कर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को राहत पहुंचाई गई। सुविधा परिषद मुख्यालय—प्रथम की 3 महिने में 6 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें विलम्बित भुगतान के 290.89 करोड रूपये के 93 प्रकरणों की सुनवाई की गई।

**राज्य में 14 सुविधा परिषद—**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 के तहत देशभर में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के विलंबित भुगतान विवादों के समाधान के लिए विभिन्न स्तर पर सुविधा परिषदों का गठन किया गया है। इसके तहत राजस्थान में 14 सुविधा परिषद गठित की गई हैं। दो राज्य स्तरीय परिषद हैं। आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य की अध्यक्षता वाली राज्य स्तरीय सुविधा परिषद में 75 लाख से अधिक राशि वाले प्रकरणों की सुनवाई होती है। वरिष्ठ अतिरिक्त निदेशक की अध्यक्षता दूसरी राज्य स्तरीय परिषद में 25 लाख से अधिक और 75 लाख से कम राशि वाले प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। 25 लाख रुपये से कम राशि वाले प्रकरणों की सुनवाई के लिए संभाग स्तरीय सुविधा परिषद है। प्रकरणों की अधिकता को देखते हुए जयपुर संभाग में 6 परिषद हैं और अन्य सभी संभगों में 1-1 परिषद है।

**अब सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ऑनलाइन ओडीआर पोर्टल पर कर सकते हैं विलम्बित भुगतान के आवेदन**

राज्य के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम लंबित भुगतान के प्रकरण ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) पोर्टल पर कर आवेदन कर सकते हैं। यह पोर्टल विलंबित भुगतान मामलों का अंत से अंत तक डिजिटल समाधान प्रदान करता है। इस पोर्टल पर सारी जानकारी अपलोड करने के बाद यह प्रकरण की राशि और क्षेत्र के अनुसार संबंधित सुविधा परिषद को ट्रांसफर हो जाता है।

# नागरिक सुरक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ

## -पारदर्शिता, समन्वय और आपदा प्रबंधन को मिलेगा डिजिटल सशक्तिकरण- डॉ. किरोड़ी लाल



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य में आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा एवं स्वयं सेवक समूह को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए नागरिक सुरक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ शुक्रवार को पंत कृषि भवन के सभा कक्ष से आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा किया गया। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि नागरिक सुरक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट का यूआरएल http://cd.rajasthan.gov.in है। यह वेबसाइट नागरिक सुरक्षा सेवाओं, स्वयंसेवकों एवं आमजन के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य करेगी। इसका प्रमुख उद्देश्य आमजन और सरकार के मध्य पारदर्शिता बढ़ाना, बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा युवाओं और स्वयंसेवकों को सेवा के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट द्वारा विभाग के विजन एवं मिशन, योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संगठनात्मक ढ़ांचे एवं पंजीकृत स्वयंसेवकों से संबंधित विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। वेबसाइट पर भारत सरकार द्वारा जारी नागरिक सुरक्षा कंपेडियम, नागरिक सुरक्षा कार्य एवं नियम, नागरिक सुरक्षा के सामान्य सिद्धांत, नागरिक सुरक्षाओं की विस्तृत जानकारी, विभाग द्वारा जारी वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट, विभाग से संबंधित नवीनतम आदेश, परिपत्र, दिशा-निर्देश और अधिसूचना इत्यादी उपलब्ध रहेंगे। वेबसाइट पर विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं जैसे भीषण लू, बाढ़, शीतलहर, चक्रवात, भूकंप, युद्ध कालीन आपात स्थिति, हवाई हमले, ब्लैक आउट एवं अग्नि दुर्घटनों के दौरान क्या करें और क्या न करें की उपयोगी जानकारी उपलब्ध रहेगी। विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों, मोक ड्रिल एवं जन जागरुकता कार्यक्रमों के विवरण सहित आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रक्रिया हेतु आपातकालीन नंबर, जिलेवार संपर्क सूची एवं वरिष्ट अधिकारियों की जानकारी भी रहेगी। आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि यह वेबसाइट न केवल विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगी बल्कि संकट के समय आम नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय डिजिटल साथी के रूप में भी कार्य करेगी। इसके माध्यम से नागरिक सुरक्षा विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां, योजनाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वयंसेवक पंजीकरण तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाली आवश्यक सावधानियां एक ही मंच पर सहज रूप से उपलब्ध होंगी। वर्ष 2015 में नागरिक सुरक्षा विभाग को आपदा प्रबंधन विभाग के अधीन किये जाने की अधिसूचना जारी की गई। आपातकालीन परिस्थितियों में आमजन की सुरक्षा, जागरुकता एवं राहत कार्यों में नागरिक सुरक्षा विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। अब तक विभाग की पृथक आधिकारिक वेबसाइट न होने के कारण सूचनाओं के केंद्रीकरण में कठिनाई आ रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा वेबसाइट तैयार करवाई गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा भास्कर ए. सावंत, निदेशक नागरिक सुरक्षा विभाग जगजीत सिंह मोंगा सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नारी वो शक्ति जिसने किया घर रोशन, समाज मजबूत और राष्ट्र को गौरवान्वित

## -नारी ना तो बेटी को कमजोर समझे और ना ही खुद को कमतर – देवनानी




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व शुक्रवार को विधान सभा में आयोजित समारोह में राज्यु में विभिन्ना क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मांन किया। उन्हों ने प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि नारी वह शक्ति है जिससे घर रोशन होता है, समाज मजबूत बनता है और राष्ट्क का गौरव बढ़ता है। देवनानी ने कहा कि नारी ना तो अपनी बेटियों को कमजोर समझे और ना ही खुद को किसी से कमतर माने। देवनानी ने राजस्थान की धरती को नारी शक्ति की वीरता, त्याग, भक्ति और साहस की अमर गाथाओं से समृद्ध बताया। उन्होंने कहा कि राजस्थातन की महिलाओं ने इतिहास से लेकर वर्तमान तक समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**विधान सभा में देवनानी ने किया महिला दिवस समारोह का भव्या शुभारम्भह-**

विधान सभा में महिला सांसद, महिला विधायकों, प्रशासन, पुलिस सहित विभिन्नह क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं की मौजूदगी में देवनानी ने दीप प्रज्व्ा लित कर विधान सभा और प्रवासी फाउन्डेलशन के संयुक्ती तत्वा वधान में आयोजित महिला दिवस समारोह का भव्यर शुभारम्भक किया। देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सृजन, ममता और शक्ति का प्रतीक माना गया है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है— "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः", अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के इतिहास में रानी पद्मिनी, पन्नाधाय, हाड़ी रानी और मीराबाई जैसी महान महिलाओं ने साहस, त्याग और भक्ति की ऐसी प्रेरणादायी मिसालें प्रस्तुत की हैं, जो आज भी समाज को मार्गदर्शन देती हैं।

**बेटियों को आगे बढने के लिए प्रोत्सा हित करें-**

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भी राजस्थान की बहनों ने उल्लेखनीय योगदान दिया और देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में भी प्रदेश की महिलाएँ राजनीति, प्रशासन, पुलिस, खेल, विज्ञान, कला और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। देवनानी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना किसी भी समाज या राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, ताकि वे अपने सामर्थ्य से राष्ट्र निर्माण में और अधिक योगदान दे सकें। देवनानी ने विश्वास व्यक्त किया कि नारी शक्ति के सशक्त योगदान से ही विकसित और समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। समारोह को जयपुर की सांसद श्रीमती मंजू शर्मा और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मंजू बाघमार ने भी सम्बो धित किया।

# नगर निगम ने 10 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त किए

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड़ से नगर निगम ऑफिस तक, गांधी नगर रेलवे स्टेषन गेट नं. 1, गोपालपुरा टोंक रोड़, जी.टी. पुलिया के नीचे आर.यू.एच.एस गेट नं. 3, महल रोड़ अक्षय पात्र के सामने, वी.टी. रोड सिटी पार्क के चारों तरफ, वर्धमान नगर एवं गोपालपुरा से अजमेर रोड़ व हाईटेंषन लाईन के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 10 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 4 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में गांधी नगर मोड़ से नगर निगम ऑफिस तक, गांधी नगर रेलवे स्टेषन गेट नं. 1, गोपालपुरा टोंक रोड़, जी.टी. पुलिया के नीचे आर.यू.एच.एस गेट नं. 3, महल रोड़ अक्षय पात्र के सामने, वी.टी. रोड सिटी पार्क के चारों तरफ, वर्धमान नगर एवं गोपालपुरा से अजमेर रोड़ व हाईटेंषन लाईन के नीचे से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 10 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## आवश्यक नम्बर — रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

## माहे रमजान को नेकियों का मौसम-ए-बहार कहा गया

# जरूरतमंदों को इमदाद, जकात, फितरा, वक्त रहते ही दे दे ताकि वह ईद खुशी से मना सके - मुफ्ती इरशाद अहमद कासमी

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर मदरसा जामिया अरबिया दारुल उलूम जयपुर रोड के प्रिंसिपल मुफ्ती इरशाद अहमद कासमी ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा रमज़ान नेकियों यानी पुन्यकार्यों का मौसम-ए-बहार (बसंत) कहा गया है। रमजान को नेकियों का मौसम भी कहा जाता है। इस महीने में मुस्लमान अल्लाह की इबादत (उपासना) ज्यादा करता है।

अपने अल्लाह (परमेश्वर) को संतुष्ट करने के लिए उपासना के साथ-साथ, कुरआन पढ़ना, दान-धर्म करता है। यह महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम से आपके किसी सहाबी (साथी) ने पूछा- अगर हम में से किसी के पास इतनी गुंजाइश न हो क्या करें। तो हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने जवाब दिया कि एक खजूर या पानी से ही इफ्तार करा दिया जाए। यह महीना मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। रमजान के तअल्लुक से हमें बेशुमार हदीसें मिलती हैं और हम पढ़ते और सुनते रहते हैं। लेकिन क्या हम इस पर अमल भी करते हैं। ईमानदारी के साथ हम अपना जायजा लें कि क्या वाकई हम लोग मोहताजों और लाचार लोगों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए? सिर्फ सदका-ए-फित्र देकर हम यह समझते हैं कि हमने अपना हक अदा कर दिया है।

उनकी मदद करने की शिक्षा दी गयी है। दूसरों के काम आना भी एक इबादत समझी जाती है। ज़कात, सदक़ा, फ़ित्रा, खैर खैरात, ग़रीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरुरतमंद हैं। उनकी मदद करना जरूरी समझा और माना जाता है। अपनी ज़रूरीयात को कम करना और दूसरों की ज़रूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज़्यादा कर देता है।

मुहम्मद (सल्ल.) ने फरमाया है जो शख्स नमाज के रोजे ईमान और एहतेसाब (अपने जायजे के साथ) रखे उसके सब पिछले





गुनाह माफ कर दिए जाएँगे। रोजा हमें जब्ते नफ्स (खुद पर काबू रखने) की तरबियत देता है। हममें परहेजगारी पैदा करता है। लेकिन जैसे ही माहे रमजान शुरू होता है, लोगों के जहन में तरह-तरह के चटपटे और मजेदार खाने का तसव्वुर आ जाता है। रोजेदार सहरी फ़ज्र की नमाज़ की अज़ान से पहले कुछ खान पान कर लेते हैं, खजूर या अन्य मनपसंद चीज खाई जाती है जिसे सहरी कहा जाता है. वहीं, इफ़तार सूर्य अस्त होने के बाद इफ्तार किया जाता है। माहे रमजान तीसरे अशरे में 10 दिन में इस्लामी शरीयत की शब्दावली में एतिकाफ़ रमज़ान के आखिरी अशरा (दस दिन) में इबादत (उपासना) के मक़सद से एतिकाफ़ (एतकाफ, इंग्लिशः Itikaf) अरबी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ है ठहर जाना और खुद को रोक लेने के हैं। इस्लामी शरीयत की शब्दावली में एतिकाफ़ रमज़ान के आख़िरी अशरा (दस दिन) में इबादत (उपासना) के मक़सद से मस्जिद में ठहरे रहने को कहते हैं। शहर में से कोई एक एतिकाफ करले तो सबकी तरफ से हो जाता है, घनी आबादी के कारण मौहल्ले से किसी एक का मस्जिद में एतिकाफ़करना जरूरी होता है।

शब-ए-क़द्र (अंग्रेजी: Laylat al-Qadr ( लैलतुल-क़द्र मुस्लिम समुदाय रमज़ान के पवित्र महीने की एक शुभ रात है। उस रात की विशेषता मुस्लिम मान्यता के अनुसार कुरान की आयतों का पृथ्वी पर जिब्रील जिबरील नाम के फ़रिशते के ज़रिए पैगम्बर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर अवतरण (नाज़िल) होना शुरू हुआ था। कुरआन के अनुसार वो रमज़ान की कोई भी रात हो सकती है। हदीस में यह रात आम तौर से 27वे रमज़ान और आखरी दस दिन में मानी जाती है जिसमें मुसलमान जागते हैं और अपने गुनाहों के लिए अल्लाह से माफी (क्षमा) माँगते हैं। इस रात की निश्चित पहचान ना होने के कारण आस्थावान मुसलमान लगातार दस दिनों तक उपासना करने के लिए एतिकाफ़ अर्थात दस दिनों तक लगातार मस्जिद में रहकर भी इबादत करते हैं।

# लाडनूं के भियाणी गांव की बेटी रीटा महिया का भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयन

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा क्षेत्र लाडनूं तहसील के गांव भियानी की रहने वाली रीटा महिया का चयन भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में हुआ है। उसने पिछली बार केन्द्रीय लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) क्लियर किया था और आईआरएस सर्विस में उसका सलेक्शन हुआ था। अब मंगलवार को जारी परिणाम के अनुसार यूपीएससी की ओर से आयोजित भारतीय सिविल सर्विस एग्जाम 2025 में रीता महिया भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित हुई है। रीटा महिया ने ऑल इंडिया स्तर पर आईएएस में 322 रैंक हासिल की है। यह रीता का 4 था प्रयास था। रीता महिया इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को देती है। रीता महिया ने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिए।



जो निरन्तर प्रयास करता है, उसे सफलता अवश्य ही मिलती है। महिया के पिता रामाकिशन महिया चेन्नई में बिजनेस करते हैं व माता सरोज देवी गृहिणी है। रीता की प्रारंभिक शिक्षा लाडनूं में हुई है। रीटा को इस कड़ी मेहनत की सफलता और कामयाबी के दम पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयन होने के विशेष मौके पर लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, कांग्रेस नेता लियाकत अली, दलित नेता कालूराम गेनाणा, सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी, पंचायत समिति प्रधान हनुमानाराम कासनीया, नगर पालिका अध्यक्ष रावत खां, उपाध्यक्ष मुकेश खिंची, एडवोकेट भगवती प्रसाद शर्मा, एडवोकेट हरीश मेहरडा, एडवोकेट जयश्री डुकिया, एडवोकेट महावीर गुजर, एडवोकेट भोमराज नायक, एडवोकेट नबाब खां, एडवोकेट विकास ठोलिया, एडवोकेट शाहिना खान, मोहम्मद आसिफ अली, रोशन खान, सदाम खान, पार्षद एमडी इदरीस खान, जलदाय विभाग के पूर्व सहायक अभियंता नोरतनमल रेगर आदी गणमान्य नागरिको ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए रीटा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान ने जरुरतमंदों को करवाया भोजन

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर नई सड़क पर ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान की ओर से जरूरतमन्दों के लिए चलाए जाने वाले तीन दिवसीय भण्डारे का शुभारम्भ समाजसेवी रफीक खान ने किया।समाज सेवी खान ने कहा कि इस माहे रमजान के पवित्र माह में जरूरतमन्दो की सेवा करना पुण्य कार्य है। उन्होने कहा कि हर समाजसेवी को अपने जीवन में समाज सेवा जैसे नेक कार्य करने चाहिए। संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घाघू ने बताया कि हर वर्ष की भांती रमजान के महीने में कच्ची बस्ती, रेल्वे स्टेशन,




झुग्गियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को तीन दिनों तक भोजन करवाया जाता है। संजय खान ने संस्थान से जुड़े सभी भामाशाहों व टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ईदरीश खान, निजामुदीन खान, मोहम्मद आसिफ, साकिर, मुस्तफा, हसन, रफीक, हुसैन खान, रियाजत खान व शाहरूख खान आदि उपस्थित रहें।

# तीसरे जुमे की नमाज में जकात के बारे में विस्तार से बताया

## -शहर की सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। रमजान के पवित्र महीने में जुमा पर मस्जिदों में विशेष नमाज अदा होती है। हर रोजेदार पहले से ही अपने नजदीकी मस्जिदों में जाकर जगह रोक लेते हैं और मुस्लिम मोहल्ले में मस्जिदों के आस-पास काफी चहल-पहल रहती है आज माह का तीसरा जुमा (शुक्रवार) की नमाज दोपहर 1:30 बजे अदा की गई। जुम्मा की नमाज का काफी महत्व है। इबादत का सवाब (पुण्य) आम दिनों के मुकाबले 70 गुना तक अधिक माना जाता है। जुमे की नमाज की ख़ास विशेषताएं: होती है। इस दिन मस्जिद में सामूहिक इबादत होती हैं। यह नमाज अकेले नहीं, बल्कि मस्जिद में जमात के साथ अदा की जाती है, जो समुदाय में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। खुत्बाः नमाज से पहले इमाम साहब खुत्बा (धर्मोपदेश) देते हैं, जिसमें दीन की बातें और सामाजिक सुधार के संदेश दिए जाते हैं। हाजन मस्जिद के इमाम मौलाना तोफैल अहमद ने कहा इस्लाम में ज़कात (अनिवार्य दान) है। नहीं देना एक बड़ा गुनाह माना गया है। और जकात साहिबे निशाब पर फर्ज है। (धनवान पर) और इसके लिए कुरान और हदीस में सख्त चेतावनियां दी गई हैं। ज़कात इस्लाम का तीसरा स्तंभ(Pillar) है, और इसे जान बूझकर न देना न केवल धार्मिक कर्तव्य का उल्लंघन है, बल्कि इसके लिए परलोक (आख़िरत) में दर्दनाक सज़ाओं का उल्लेख किया गया है: और हदीस में आया है कि आप की संपत्ति का ज़हरीला सांप बननाः हदीस (सहीह बुखारी: 1403) के अनुसार, जो व्यक्ति अपनी संपत्ति की ज़कात नहीं देता, कयामत के दिन उसकी संपत्ति एक गंजे ज़हरीले सांप के रूप में उसके गले का हार बना दी जाएगी। वह सांप उसके गालों पर काटेगा और कहेगा, "मैं ही तुम्हारा धन हूँ, मैं ही तुम्हारा खजाना हूँ"। आग से दागनाः कुरान (सूरह अत-तौबा, 9:34-35) में बताया गया है कि जो लोग सोना-चांदी जमा करते हैं और ज़कात नहीं देते, कयामत के दिन उस धन को जहन्नुम की आग में तपाया जाएगा और उससे उनके माथे, पहलुओं और पीठ को दागा जाएगा। दुनियावी नुकसानः हदीस (सुनन इब्न माजाहः 4019) के अनुसार, जब कोई कौम ज़कात देना बंद कर देती है, तो अल्लाह उनसे बारिश (रहमत) रोक लेता है। इस्लामी कानून और इतिहासः में पहले खलीफा हजरत अबू बक्र (रजि.) के समय में, जिन कबीलों ने ज़कात देने से इनकार किया था, उनके खिलाफ युद्ध की घोषणा की गई थी क्योंकि उन्होंने नमाज़ और ज़कात के बीच फर्क किया था । शहर की सभी मस्जिदों में तीसरे जुम्मे की नमाज बड़ी ही अकीदत के साथ अदा की गई।। ओर देश और दुनिया के लिए अमन - चैन की दुआएं की गई।

# मेंहदी व पोस्टर प्रतियोगिता से दिया महिला दिवस का संदेश



चूरू (रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला दिवस से पूर्व एएनएमटीसी केन्द्र पर मेंहदी व पोस्टर प्रतियोगिता व गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि महिला दिवस से पूर्व एएनएम प्रशिक्षार्थी छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण व महिला जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अहसान गौरी ने हर क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदमों व महिला अधिकारों की जानकारी दी। पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा ने बताया कि मेंहदी प्रतियोगिता में रितिका व संध्या सैनी तथा पोस्टर प्रतियोगिता में पूनम को सम्मानित किया गया। इस दौरान नर्सिंग टयूटर शाहिद, विवेक थालौड़, मंजू, सुनीता, सरिता, कृष्णा, शारदा व महेन्द्र गोपाल मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग के पाली रीजन ने अब तक 298 करोड़ का किया राजस्व अर्जन - ओपी बैरवा

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। प्रादेशिक परिवहन कार्यालय पाली को चालू वित्तीय वर्ष के लिए 443 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसके मुकाबले परिवहन विभाग के पाली रीजन ने अब तक 298 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित कर लिया है। परिवहन विभाग के पाली संभाग के अंतर्गत पाली, जालोर एवं सिरोही जिले का क्षेत्राधिकार आता है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी



ओमप्रकाश बैरवा ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में पाली रीजन ने अब तक 298 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जन कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। यह राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 11 प्रतिशत यानी करीब 30 करोड़ रुपए अधिक है। उन्होंने बताया कि आरटीओ रीजन की टीमें लगातार राजस्व वसूली के लिए प्रयासरत हैं और निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। अब तक विभाग को आवंटित लक्ष्य का लगभग 82 प्रतिशत राजस्व प्राप्त करने में सफलता मिल चुकी है।

# गहनोली में फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अवैध 315 बोर देशी कट्टा बरामद

## -होली पर हुए विवाद के बाद रात में की थी ताबड़तोड़ फायरिंग, एक आरोपी पहले ही पकड़ा जा चुका

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका)। दौसा जिले के महवा थाना पुलिस ने गहनोली गांव में हुई फायरिंग की घटना में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध 315 बोर का देशी कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक दौसा आईपीएस सागर राणा के निर्देशानुसार तथा जयपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस राहुल प्रकाश आईपीएस के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमन्त कलाल आईपीएस के निर्देशन और वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीना आरपीएस के सुपरविजन में थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार 3 मार्च 2026 को परिवादी भूरसिंह गुर्जर (62) निवासी गहनोली ने महवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 मार्च को होली के दौरान उनके भतीजे राजेन्द्र और अभिषेक के बीच कहासुनी हो गई थी। उसी विवाद के चलते रात करीब 11 बजे आरोपी अपने साथियों के साथ परिवादी के घर के पास पहुंचा और हथियारों से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस ने मामले में प्रकरण संख्या 97/25 धारा 189(2), 109(1), 351(2) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने वांछित आरोपी अभिषेक प्रजापत (21) पुत्र टीकाराम सिंह प्रजापत निवासी गहनोली को 4 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध देशी कट्टा 315 बोर बरामद किया गया।

# लोहिया कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर: 'राजस्थान फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम' के तहत रोजगारोन्मुख कोर्सेज शुरू

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान सरकार के कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार के प्रति सशक्त बनाने के लिए 'राजस्थान फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम' (FY 2024-25) प्रारंभ किया गया है। इस योजना के अंतर्गत राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू का चयन विशेष प्रशिक्षण केंद्र के रूप में किया गया है, जहाँ विद्यार्थियों को सीधे इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाएगा।

**उपलब्ध कोर्सेज और सीटें**

**महाविद्यालय में दो मुख्य क्षेत्रों (Sectors) में प्रशिक्षण दिया जाएगा:**

अपैरल सेक्टर (Apparel): सिलाई मशीन ऑपरेटर (Sewing Machine Operator) - इसमें कुल 4 बैच संचालित होंगे

लॉजिस्टिक सेक्टर (Logistics): सप्लाई चेन एग्जीक्यूटिव - सस्टेनेबिलिटी (Supply Chain Executive - Sustainability) - इसमें भी 4 बैच संचालित होंगे

कुल लक्ष्य: महाविद्यालय के कुल 240 विद्यार्थियों को इन कोर्सेज के माध्यम से हुनरमंद बनाया जाएगा। यह प्रशिक्षण का अनूठा मॉडल (Curriculum) हैं जिसमें

**विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि 360-डिग्री स्किलिंग दी जाएगी:**

70% कोर डोमेन: संबंधित क्षेत्र (Apparel/Logistics) का गहन तकनीकी प्रशिक्षण

20% डिजिटल स्किल्स: MS Office, AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के बेसिक, साइबर सुरक्षा और क्लाउड टूल्स की जानकारी

10% सॉफ्ट स्किल्स: इंटरव्यू की तैयारी, प्रभावी संवाद और व्यक्तित्व विकास

**पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया:**

कौन कर सकता है आवेदन: स्नातक (UG) और स्नातकोत्तर (PG) के अंतिम वर्ष के नियमित विद्यार्थी तथा कॉलेज से पास-आउट हो चुके युवा (आयु 18-35 वर्ष)

चयन का आधार: स्नातक एवं।स्नातकोत्तर के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते है।

रियायती प्रशिक्षण शुल्क (नॉन-रिफंडेबल)

सरकार ने आरक्षित वर्गों और छात्राओं के लिए शुल्क में भारी छूट दी है:

SC/ST/OBC/MBC/EWS और सभी महिला अभ्यर्थी: कुल प्रशिक्षण लागत का मात्र 10%

सामान्य वर्ग (पुरुष): कुल प्रशिक्षण लागत का 20%

इसमें प्लेसमेंट और भविष्य की संभावनाएं बहुत हैं ।

इस प्रोग्राम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ट्रेनिंग पार्टनर के लिए प्रशिक्षित विद्यार्थियों का कम से कम 70% प्लेसमेंट सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। यह प्रशिक्षण पूरी तरह से ऑफलाइन होगा, जिसमें विशेषज्ञों के साथ चर्चा और इंडस्ट्री विजिट भी शामिल है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने बताया कि बैच शुरू करने की प्रक्रिया मार्च 2026 तक पूर्ण कर ली जाएगी। दोनों कोर्सेज में सीट्स सीमित है। इनमें प्रवेश पहले आओ पहले पाई के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी और आवेदन के लिए महाविद्यालय में नियुक्त नोडल ऑफिसर डॉ. एम एम शेख प्रोफेसर लोहिया कॉलेज से संपर्क करें।

# जिला कलक्टर ने मोरण में रात्रि चौपाल का आयोजन कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## -परिवादों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर काना राम ने गुरूवार को बौंली उपखण्ड की ग्राम पंचायत मोरण में रात्रि चौपाल का आयोजन पर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया जिस पर कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश प्रदान किए। रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को कृषि, बिजली, स्वास्थ्य और पशुपालन से जुड़ी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इसमें मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, तारबंदी योजना, फार्म पॉन्ड, कृषि यंत्रों पर अनुदान, पीएम सूर्य घर ऊर्जा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान



आरोग्य योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने गांव के रास्तों से अतिक्रमण हटवाने, विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र बनवाने, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने, मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने, कृषि भूमि का सीमा ज्ञान करवाने, नया विद्त ट्रांसफार्मर लगवाने, बंद रास्ता खुलवाने, सड़क निर्माण करवाने सहित अन्य समस्याओं को कलक्टर के समक्ष रखा। इस पर कलक्टर ने मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने एसडीएम को गिरदावरी कार्य जल्द करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि चौपाल में प्राप्त सभी परिवादों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को भी लंबित मामलों के निस्तारण के लिए सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बौंली संदीप कुमार बेरड़, तहसीलदार बौंली दिनेश मीना, तहसीलदार मित्रपुरा विनोद कुमार गुप्ता सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# बनेड़ा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एनडीपीएस प्रकरण में गिरफ्तार

**इकबाल मोहम्मद शाह**

बनेड़ा (रॉयल पत्रिका)। शाहपुरा थाना के प्रकरण संख्या 64/2026 एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए बनेड़ा थाना अधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व मे दबिश देकर चेतन गिरी पीता, कैलाश गिरी, निवासी ढ़ीकोला को गिरफ्तार करके महत्वपूर्ण कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मामले से जुड़े संदिग्धों और नेटवर्क की गतिविधियों को लेकर सघन जांच करते हुए कई स्थानों पर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार शाहपुरा थाने में दर्ज एनडीपीएस प्रकरण की जांच के दौरान मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े नेटवर्क की जानकारी सामने आई थी। इसी के तहत बनेड़ा थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की तथा नेटवर्क से जुड़े लोगों की तलाश की। बनेड़ा थाना अधिकारी बछराज चौधरी ने बताया कि मामले में जांच जारी है और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम कार्यवाही के दौरान पुलिस थाना बनेड़ा, थाना अधिकारी बछराज चौधरी, कांस्टेबल रामावतार, मनोज कुमार शामिल थे।

# वक्फ संपत्तियों की जानकारी उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 22 मार्च

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) ।भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों की जानकारी को उम्मीद (UMMEED) पोर्टल पर अद्यतन/अपलोड करने का कार्य प्रगति पर है, जिसकी अंतिम तिथि 22 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। अतः जिला सवाई माधोपुर की समस्त वक्फ संपत्तियों से संबंधित सदर, सचिव, मुतवल्ली एवं प्रबंधन समिति को सूचित किया जाता है कि वे अपनी सभी वक्फ संपत्तियों का विवरण गजट अनुसार भारत सरकार के उम्मीद पोर्टल पर निर्धारित समयावधि से पूर्व अपलोड करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात पोर्टल बंद हो जाने के कारण डाटा अपलोड/अद्यतन किया जाना संभव नहीं होगा, इसलिए सभी संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध है कि समय रहते यह कार्य पूर्ण कर लें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार के जानकारी या सहयोग हेतु वक्फ कमेटी प्रतिनिधि एडवोकेट अब्दुल हासिब (मोबा. 9414771257) से संपर्क किया जा सकता है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने लॉन्च किया डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड

**भोपाल, एजेंसी।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के तहत डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया फंड ग्राहकों को लगातार लाभांश (डिविडेंड) प्रदान करने वाली मज़बूत कंपनियों के स्टॉक में निवेश कर दीर्घकालिक स्तर पर धन सृजन करने में मदद करेगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के मुख्य निवेश अधिकारी, श्री मनीष कुमार ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, 'डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मज़बूत कंपनियों में निवेश कर इक्विटी बाज़ार में भागीदारी करने का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। फंड की रणनीति चार स्तंभों पर टिकी है, जिसमें डिविडेंड भुगतान पर आधारित स्टॉक का चुनाव, मज़बूत वित्तीय स्थिति और स्थिर नकद प्रवाह के लिए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, कई खंडों में विविधीकरण और समय–समय पर समीक्षा और पुनर्संतुलन के साथ पारदर्शी, नियम आधारित और अनुशासित निवेश प्रक्रिया शामिल है। यह नया फंड हमारे ग्राहकों को इस भरोसे के साथ निवेशित रहने में मदद करेगा कि उनका पोर्टफोलियो वित्तीय स्तर पर मज़बूत और विश्वसनीय कंपनियों के अनुरूप है। यह लॉन्च हमारे यूलिप ग्राहकों के लिए अनुशासित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाले निवेशक बनने में मदद करेगा, साथ ही उन्हें जीवन सुरक्षा (लाइफ कवर) भी मिलेगी।' यह फंड, बीएसई 500 डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स का अनुसरण करता है, जो बीएसई 500 से चुनी गई उन 50 कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करता है, जिन्होंने पिछले 10 साल में लगातार डिविडेंड दिया है। इंडेक्स में 50 शेयर होते हैं और इसे हर साल पुनर्संतुलित किया जाता है। फंड के ज़रिए, हम अपने ग्राहकों को उन कंपनियों तक पहुँच प्रदान कर रहे हैं, जिन्होंने समय के साथ वित्तीय मज़बूती और शेयरधारकों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है।

### सयाजी का नया स्टे भोपाल में:
## चिनार फॉर्च्यून सिटी में अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी का शुभारंभ

**भोपाल, एजेंसी।** सयाजी ग्रुप के पोर्टफोलियो में शामिल नई पेशकश अंबर– ए यूनिट ऑफ सयाजी अब भोपाल में शुरू हो चुकी है। विद्या नगर फेज 2 के पास, बावड़िया कलां स्थित चिनार फॉर्च्यून सिटी में स्थित यह होटल आधुनिक सुविधा और आत्मीय सेवा का अनुभव प्रदान करेगा। राज्य की राजधानी में स्थित यह स्थान बिज़नेस यात्रा, छोटे अवकाश और निजी समारोहों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। भोपाल, जिसे 'झीलों की नगरी' कहा जाता है, अपनी विरासत और आधुनिक माहौल का अनोखा संगम पेश करता है। शहर के निकट स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका और साँची इसे पर्यटन के लिहाज़ से विशेष महत्व देते हैं। राजा भोज से जुड़ी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और मजबूत सांस्कृतिक पहचान के कारण भोपाल आज भी देश–विदेश के यात्रियों को खूब आकर्षित करता है। इतिहास, संस्कृति और स्थानीय व्यंजनों का अनुभव लेने वाले यात्रियों के लिए यह शहर हमेशा से ही एक प्रमुख गंतव्य रहा है। अंबर– ए यूनिट ऑफ सयाजी में आराम से ठहरने के लिए कुल 22 सुसज्जित रूम्स उपलब्ध हैं।

## सिंगापुर की कंपनी ने बेंगलुरु में बेची 852 करोड़ की ऑफिस बिल्डिंग

**बेंगलुरु, एजेंसी।** सिंगापुर के इनवेस्टमेंट मैनेजर जेंडर ( की तरफ से एक बड़ा डेवलपमेंट सामने आया है। बेंगलुरु के एम्बेसी गोल्फलिंक्स बिजनेस पार्क में एक ऑफिस बिल्डिंग है पाइनहर्स्ट। इस ऑफिस बिल्डिंग में जेंडर की भी भागीदारी थी। खबर आई है कि एम्बेसी गोल्फलिंक्स बिजनेस पार्क जेंडर ने एक्जिट कर लिया है। यह हिस्सेदारी को 852 करोड़ रुपये में बेची गई है। हमारी सहयोगी ईटी की एक खबर के मुताबिक बीते दिसंबर में ही इस ट्रांजेक्शन की घोषणा कर दी गई थी। अब, तीन मार्च 2026 को यह डील क्लोज हो गया है। यह डील भारत में रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट द्वारा किसी थर्ड पार्टी से प्रॉपर्टी खरीदने का पहला उदाहरण है। सिंगापुर के जेंडर ने बेंगलुरु की इस प्रॉपर्टी को साल 2018 में खरीदा था। पाइनहर्स्ट की इस प्रॉपर्टी को लेने में उसे 340 करोड़ रुपये देने पड़े थे।

# मार्केट में लौटी रौनक, रिलायंस की अगुआई में सेंसेक्स में 500 अंकों की उछाल

### एनएसई का निफ्टी तेजी के शतक के साथ 158 अंक ऊपर 24638 पर ट्रेड कर रहा है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में रौनक है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की अगुआई में बीएसई का सेंसेक्स 517 अंकों की बढ़त के साथ आज गुरुवार को 79633 के लेवल पर पहुंच गया है। जबकि, एनएसई का निफ्टी तेजी के शतक के साथ 158 अंक ऊपर 24638 पर ट्रेड कर रहा है।

शेयर मार्केट में रौनक है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की अगुआई में बीएसई का सेंसेक्स 517 अंकों की बढ़त के साथ आज गुरुवार को 79633 के लेवल पर पहुंच गया है। जबकि, एनएसई का निफ्टी तेजी के शतक के साथ 158 अंक ऊपर 24638 पर ट्रेड कर रहा है। आज एनएसई पर 2849 स्टॉक्स ट्रेड कर रहे हैं। इनमें 2085 हरे और केवल 711 लाल निशान पर हैं।

अमेरिका से कोरिया-जापान तक के शेयर बाजारों में उछाल का असर आज घरेलू शेयर मार्केट पर भी देखने को मिल रहा है। बीएसई का सेंसेक्स 414 अंकों की बढ़त के साथ आज गुरुवार को 79530 के लेवल पर खुला। जबकि, एनएसई का निफ्टी तेजी के शतक के साथ 135 अंक ऊपर 24615 पर खुलने में कामयाब रहा। प्रीओपनिंग में सेंसेक्स के सभी स्टॉक्स हरे निशान पर थे।

युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत के लिए ईरान की ओर से गुप्त राजनयिक संपर्क की खबरों के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय शेयर मार्केट के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी-50 के गुरुवार को तेजी के साथ खुलने की उम्मीद है। टेक शेयरों में तेजी के



कारण एशियाई बाजारों में तेजी रही, जबकि अमेरिकी शेयर बाजार रातोंरात बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, बुधवार को भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 1,122 अंकों का गोता लगाकर 79,116 बंद हुआ। जबकि निफ्टी 385 अंक क्रैश होकर 24,480 पर बंद हुआ।

वॉल स्ट्रीट पर रातोंरात बढ़त के बाद एशियाई बाजारों में गुरुवार को तेजी दर्ज की गई। जापान के निक्केई 225 में 4 प्रतिशत और टॉपिक्स में 3.63 प्रतिशत की तेजी आई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 12 प्रतिशत से अधिक और कोस्डैक 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। हांगकांग हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स ने उच्च शुरुआत का संकेत दिया। गिफ्ट निफ्टी 24,740 के आसपास कारोबार कर रहा था। यह निफ्टी फ्यूचर्स के पिछले बंद भाव से करीब 156 अंक का प्रीमियम था, जो भारतीय शेयर बाजार के सूचकांकों के लिए सकारात्मक शुरुआत का संकेत देता है। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को प्रौद्योगिकी शेयरों के नेतृत्व में तेजी के साथ बंद हुआ। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 238.14 अंक या 0.49 प्रतिशत बढ़कर 48,739.41 पर पहुंच गया, जबकि एसएंडपी 500 ने 52.87 अंक या 0.78 प्रतिशत को 6,869.50 पर पहुंचाया। नैस्डैक कंपोजिट 290.79 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 22,807.48 पर बंद हुआ। डॉलर ने अपनी धमाकेदार रैली को रोक दिया। डॉलर इंडेक्स 98.78 पर रहा, जो इस सप्ताह की शुरुआत में तीन महीने से अधिक के उच्च स्तर से कम हो गया। यूरो मामूली रूप से .1.1636 पर था, जबकि स्टर्लिंग .1.3366 पर स्थिर था। येन 0.2 प्रतिशत बढ़कर 156.78 प्रति डॉलर हो गया, और अपतटीय युआन 0.12 प्रतिशत बढ़कर 6.8860 प्रति डॉलर पर था।

### सरकार का बयान- फिलहाल कोई कमी नहीं
# किसानों के लिए अलर्ट- ईरान-इजरायल युद्ध से भारत में यूरिया उत्पादन घटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महंगी उर्वरकों के आयात से सरकार के लिए किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो सकता है। सरकार अगले वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत करना चाहती है, जो इस साल 4.4 प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। भारत में फर्टिलाइजर बनाने वाली कंपनियों ने अपना उत्पादन घटाना शुरू कर दिया है। इसकी वजह मध्य पूर्व में बढ़ती सैन्य कार्रवाई के चलते कतर से होने वाली लिक्विफायड प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की सप्लाई का ठप हो जाना है। एलएनजी यूरिया बनाने के लिए मुख्य कच्चा माल है, जो ऊर्जा स्रोत और उत्पादन प्रक्रिया में अहम इनपुट दोनों का काम करता है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2.7 करोड़ टन एलएनजी का आयात किया, जो देश की कुल गैस खपत का लगभग आधा है। इस आयात का बड़ा हिस्सा कतर से होता है।

**कंपनियों ने शुरू की उत्पादन में कटौती**

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (एलएनजी) जैसी कुछ कंपनियों ने अपने यूरिया संयंत्रों में उत्पादन घटाना शुरू कर दिया है। ब्लूमबर्ग ने मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से बताया है कि



अगर सप्लाई में यह रुकावट लंबी खिंची तो कंपनियों को अपने प्लांट्स बंद करने पड़ सकते हैं।

भारत के उर्वरक मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भू-राजनीतिक स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और फिलहाल गैस सप्लाई में कोई कमी नहीं है। उन्होंने यूरिया उत्पादन में कटौती पर टिप्पणी नहीं की। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक सुरेश कुमार चौधरी ने कहा कि निकट भविष्य की मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त भंडार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि युद्ध जल्द ही समाप्त हो सकता है, लेकिन अगर यह जारी रहा तो चिंता का विषय होगा। इस संघर्ष का असर पाकिस्तान पर भी पड़ा है। सुई नॉर्दर्न गैस पाइपलाइन्स लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को सूचित किया है कि वह उर्वरक संयंत्रों को रीगैसिफाइड एलएनजी की सप्लाई नहीं कर पाएगी। पाकिस्तान को अपनी अधिकांश एलएनजी कतर से मिलती है। अगर उत्पादन में कटौती जारी रही तो जून में शुरू होने वाले मानसून सीजन से पहले भारत को महंगे आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है। भारत दुनिया में चावल का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है, साथ ही चीनी, गेहूं और कपास का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। महंगी उर्वरकों के आयात से सरकार के लिए किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो सकता है।

## सुप्रीम पावर इक्विपमेंट की नई हाई-कैपेसिटी ट्रांसफॉर्मर यूनिट शुरू

**चेन्नई, एजेंसी।** सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड ने 02 मार्च 2026 को चेन्नई के निकट तमिलनाडु के तिरुवल्लुर ज़िले के कन्नूर गाँव में अपनी नई विनिर्माण इकाई में सफलतापूर्वक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की घोषणा की। भारत के अग्रणी पावर एवं डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर निर्माताओं में शामिल कंपनी के लिए यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। नई अत्याधुनिक सुविधा 200 एमवीए और 220 केवी तक के पावर ट्रांसफॉर्मर के निर्माण के लिए स्थापित की गई है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 6,000-6,500 एमवीए है। इस इकाई के संचालन शुरू होने के साथ ही कंपनी की कुल स्थापित विनिर्माण क्षमता बढ़कर लगभग 9,000 एमवीए प्रतिवर्ष हो गई है, जिससे उसकी उत्पादन क्षमता और बाज़ार में प्रतिस्पर्धात्मक मजबूती में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विस्तार से पहले कंपनी 110 केवी तक के ट्रांसफॉर्मर के लिए 2,500 एमवीए की स्थापित क्षमता के साथ कार्यरत थी, जिसमें क्षमता उपयोग स्तर लगभग 70% से 80% के बीच था। नई इकाई के शुरू होने से सुप्रीम पावर इक्विपमेंट लिमिटेड की विनिर्माण क्षमता में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है, जिससे अब कंपनी उच्च वोल्टेज और अधिक एमवीए क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर का निर्माण कर सकेगी। इससे वह जटिल और बड़े पैमाने की पावर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की मांग को प्रभावी रूप से पूरा करने की स्थिति में आ गई है। 100 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है, जिसमें बुनियादी ढांचे की स्थापना, उन्नत विनिर्माण सुविधाओं का विकास और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर उत्पादन के लिए आवश्यक सहायक व्यवस्थाएं शामिल हैं। इस परियोजना के वित्तपोषण के लिए आईपीओ से प्राप्त राशि, आंतरिक संसाधन, ऋण तथा प्रेफरेंशियल इश्यू से प्राप्त निधि का संतुलित मिश्रण अपनाया गया है, जिससे कंपनी की वित्तीय संरचना मजबूत और विविधीकृत बनी हुई है। यह क्षमता विस्तार पावर ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र में बढ़ती मांग के अनुरूप रणनीतिक रूप से किया गया है। इस विस्तार से कंपनी को उच्च एमवीए क्षमता वाले बड़े अनुबंधों के निष्पादन में मदद मिलेगी, मध्यम अवधि में राजस्व की बेहतर दृश्यता सुनिश्चित होगी और यूटिलिटीज, औद्योगिक ग्राहकों तथा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं से बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करते हुए सतत व्यावसायिक वृद्धि को बल मिलेगा।

## डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल के शुभारंभ से भोपाल में रोशनी की नई पहल

**भोपाल, एजेंसी।** भारत में बेहतरीन नेत्र चिकित्सा प्रदान करने के अपने संकल्प को मजबूत करते हुए, डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने भोपाल में अपना नया अत्याधुनिक नेत्र अस्पताल का शुभारंभ किया। यह समूह का मध्य प्रदेश में चौथा अस्पताल और राजधानी भोपाल में पहला अस्पताल है। यह अस्पताल भोपाल और आसपास के जिलों के निवासियों को विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करेगा। इस नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग द्वारा संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विश्वास सारंग ने आत्मीयता के साथ कहा 'कि मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। भोपाल में इस प्रकार का आधुनिक नेत्र चिकित्सालय न केवल राजधानी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी आशा और नई रोशनी की किरण साबित होगा। 'भोपाल में हमारे नए अस्पताल के शुभारंभ के साथ, हमारा उद्देश्य मध्य प्रदेश में समग्र नेत्र चिकित्सा सेवाओं को और मजबूत करना है। हमारा पूरा ध्यान नेत्र चिकित्सा में सुरक्षित, सटीक और एकीकृत उपचार प्रदान करने पर है, जिसमें मोतियाबिंद और रेटिना से लेकर ग्लूकोमा और बाल नेत्र चिकित्सा तक की विशेषज्ञ सेवाएँ शामिल हैं।' डॉ. सौरभ देशमुख, कंसल्टेंट नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. अग्रवाल्स आई हॉस्पिटल ने कहा, 'समय पर आँखों की जांच और सही इलाज बहुत जरूरी है।

## एक पर 4 फ्री शेयर, तीसरी बार बोनस शेयर बांटने जा रही कंडोम कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कंडोम बनाने वाली कंपनी क्यूपिड लिमिटेड 4:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने जा रही है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 4 फ्री शेयर देगी। एक साल में क्यूपिड लिमिटेड के शेयर 525त्न से अधिक उछल गए हैं। कंपनी तीसरी बार बोनस शेयर दे रही है। पुरुषों और महिलाओं के लिए कंडोम बनाने वाली कंपनी क्यूपिड लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। क्यूपिड लिमिटेड के शेयर गुरुवार को क्च्स्श्व में 7 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 409 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी अपने शेयरधारकों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। क्यूपिड लिमिटेड अपने निवेशकों को दनादन तीसरी बार बोनस शेयर बांट रही है। कंपनी इस बार 4:1 के रेशियो में बोनस शेयर देने जा रही है। यानी, कंपनी हर 1 शेयर पर 4 फ्री शेयर देगी। पिछले एक साल में क्यूपिड लिमिटेड के शेयर 525 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंडोम के अलावा, क्यूपिड लिमिटेड वाटर बेस्ड ल्यूब्रिकेंट जेली, आईवीडी प्रॉडक्ट्स, हेयर ऑयल बनाती है। क्यूपिड लिमिटेड ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट सोमवार 9 मार्च 2026 फिक्स की है। मल्टीबैगर कंपनी इससे पहले अप्रैल 2024 में 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दे चुकी है। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। क्यूपिड लिमिटेड ने अक्टूबर 2018 में 1:5 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 5 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा। क्यूपिड लिमिटेड अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। कंपनी ने अप्रैल 2024 में अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा था। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा। क्यूपिड लिमिटेड के शेयर पिछले एक साल में 525 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। कंपनी के शेयर 5 मार्च 2025 को 64.66 रुपये पर थे। क्यूपिड लिमिटेड के शेयर 5 मार्च 2026 को 409 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले 6 महीने की बात करें तो क्यूपिड लिमिटेड के शेयरों में 130 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयर इस अवधि में 175.50 रुपये से उछलकर 400 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 527.40 रुपये है।

# इस कंपनी से 2500 कर्मचारी होंगे बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साल 2026 की शुरुआत में ही बड़ी टेक और वित्तीय कंपनियों में छंटनी का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में ई-कॉमर्स दिग्गज ने अपने रोबोटिक्स डिवीजन में और निवेश बैंकिंग कंपनी मोरगन स्टेनली ने अपने वैश्विक कर्मचारियों में कटौती की है। साल 2026 की शुरुआत में ही बड़ी टेक और वित्तीय कंपनियों में छंटनी का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में ई-कॉमर्स दिग्गज ने अपने रोबोटिक्स डिवीजन में और निवेश बैंकिंग कंपनी ने अपने वैश्विक कर्मचारियों में कटौती की है। ने अपने वैश्विक कार्यबल में से लगभग 2,500 लोगों (कुल कर्मचारियों का लगभग 3 प्रतिशत) को नौकरी से निकालने की योजना बनाई है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी है। यह छंटनी कंपनी के तीन प्रमुख डिवीजनों जैसे, इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज, वेल्थ मैनेजमेंट और इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट में की जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस चपेट से कंपनी के वित्तीय सलाहकार बाहर रहेंगे। यह छंटनी वैश्विक स्तर पर होने की संभावना है।

बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार इस महीने से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर सकता है। दिलचस्प बात यह है कि यह छंटनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की वजह से नहीं, बल्कि बदलती व्यावसायिक खुलासा नहीं किया है। हालांकि, एक प्रवक्ता ने इसे ÷अपेक्षाकृत छोटी संख्या÷ बताया है।




प्राथमिकताओं, वैश्विक स्थान रणनीति और व्यक्तिगत प्रदर्शन समीक्षा के आधार पर की जा रही है। इससे पहले पिछले साल भी कंपनी ने लगभग 2,000 पदों पर कटौती की थी।

बिजनेस इनसाइडर की रिपोर्ट के अनुसार, टेक दिग्गज ने इस हफ्ते छंटनी का एक और दौर चलाया है, जिसका शिकार इस बार कंपनी का रोबोटिक्स डिवीजन हुआ है। कंपनी ने प्रभावित कर्मचारियों की सटीक संख्या का रोबोटिक्स विभाग के वाइस प्रेसीडेंट स्कॉट ड्रेसर ने एक आंतरिक संदेश में इस फैसले को मुश्किल लेकिन जरूरी बताया। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि रोबोटिक्स कंपनी के लिए एक बनी रहेगी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम नियमित रूप से अपने संगठनों की समीक्षा करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि टीमें इनोवेशन और ग्राहकों तक बेहतर सेवा पहुंचाने के लिए सही रूप से तैयार हैं।

# अब बीमा होगा सस्ता! भारी-भरकम कमीशन पर पड़ेगी मार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2025 में अकेले कमीशन के नाम पर बीमा कंपनियों ने करीब 1 लाख करोड़ रुपये बांटे। यही वह पैसा है जो आपकी जेब से प्रीमियम के रूप में निकलता है। आरबीआई और इरडा दोनों ने इस पर चिंता जताई है। अब नियामक इस वितरण लागत को तर्कसंगत बनाने पर काम कर रहा है। अगर आपको लगता है कि बीमा लेना महंगा हो गया है, तो यह खबर आपके काम की है। बीमा नियामक इरडा अगले 4-6 महीनों में ऐसे कई बड़े सुधार लागू करने जा रहा है, जिससे बीमा किफायती होगा और आपको पैसे का पूरा दम मिलेगा। इन बदलावों की सबसे बड़ी मार उन भारी-भरकम कमीशनों पर पड़ेगी, जो बीमा कंपनियां एजेंटों और बैंकों को देती हैं। जल्द ही लॉन्च होगा बीमा सुगम - एक डिजिटल मार्केटप्लेस जहां आप अमेजॉन-फ्लिपकार्ट की तरह सभी बीमा कंपनियों की पॉलिसियां कंपेयर कर सकेंगे। कीमत, फीचर्स, क्लेम सेटलमेंट रेशियो - सब कुछ एक क्लिक पर। जब सबकुछ खुला होगा, कंपनियों को अपने दम पर प्रीमियम कम रखना होगा।

सोचिए, वित्त वर्ष 2025 में अकेले कमीशन के नाम पर बीमा कंपनियों ने करीब 1 लाख करोड़ रुपये बांटे। यही वह पैसा है जो आपकी जेब से प्रीमियम के रूप में निकलता है। आरबीआई और इरडा दोनों ने इस पर चिंता जताई है। अब नियामक इस वितरण लागत को तर्कसंगत बनाने पर काम कर रहा है।



**30 प्रतिशत खर्च पर कैंची चलेगी:** फिलहाल बीमा कंपनियां आपके प्रीमियम का 30 प्रतिशत हिस्सा डिस्ट्रिब्यूशन और एडमिन के कामों पर खर्च करती हैं। इसमें 17-18 प्रतिशत सीधे बैंकों, एनबीएफसी और एजेंटों की जेब में जाता है। इरडा अब इसे घटाने की तैयारी में है, खासकर हेल्थ इंश्योरेंस में जहां प्रीमियम तेजी से बढ़े हैं।

**कम लागत, तेज प्रोसेस और ज्यादा पारदर्शिता:** नियामक एक सहमति-आधारित डेटा रजिस्ट्री बना रहा है, जहां पॉलिसी और दावों का सारा डेटा सुरक्षित रहेगा। इससे अंडरराइटिंग तेज होगी, फ्रॉड पर लगाम लगेगी और पॉलिसी पोर्टेबिलिटी आसान होगी। मतलब - कम लागत, तेज प्रोसेस और ज्यादा पारदर्शिता।

इरडा बीमा कंपनियों पर शिकंजा कस रहा है। अब कंपनियों को अपने प्रोडक्ट्स, रिटर्न और क्लेम सेटलमेंट रेशियो का खुलकर खुलासा करना होगा। जब सबकुछ सार्वजनिक होगा, तो कंपनियों के बीच बेहतर सर्विस और कॉम्पिटिटिव प्राइसिंग की होड़ लगेगी। इन सुधारों का सीधा फायदा आपको मिलेगा। कमीशन खर्च घटेगा तो प्रीमियम स्थिर या कम हो सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तुलना से बेहतर और किफायती पॉलिसी चुन पाएंगे। पता चलेगा कि आपका पैसा कहां जा रहा है और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से क्लेम प्रोसेस तेज होगा। खासकर हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस में इन बदलावों का असर साफ दिखेगा, जहां बढ़ती लागत ने मिडल क्लास की जेब पर दबाव बढ़ा दिया था।

## स्टाइल और गुणवत्ता से जुड़ा ब्रांड 'द वन एंड ओनली' लॉन्च

**जबलपुर, एजेंसी।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, जिसने कई पीढ़ियों से सफलता के मायने को नई ऊंचाई दी है, अपना नया कैंपेन 'द वन एंड ओनली' लेकर आया है - सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। आज के समय में, जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है - असली सफलता अलग पहचान में होती है - जो लोगों की प्रशंसा पाती है और व्यक्ति को दूसरों से अलग बनाती है। इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों - अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा - के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग-अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। अवंती अपने निडर आत्मविश्वास और अलग अंदाज से आकर्षण पैदा करती हैं, किरनदीप अपनी प्रभावशाली और बेबाक मौजूदगी से लोगों को प्रभावित करती हैं, और माहिका अपने संतुलित और शांत व्यक्तित्व से प्रेरणा देती हैं। एक ऐसी दुनिया में, जहां कई लोग समान दिखाई देते हैं, फिर भी ये तीनों और ब्रांड खुद सबसे अलग और खास नजर आते हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। देबाश्री दासगुप्ता, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने कहा, 'ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है। 'द वन एंड ओनली' सफलता की एक नई सोच पेश करता है, जो अलग पहचान से प्रेरित है। यह उस सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को उजागर करता है कि आज भारत का महत्वाकांक्षी युवा केवल सफल होना ही नहीं चाहता, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अलग पहचान भी बनाना चाहता है। सफलता की इसी नई सोच के साथ ब्लेंडर्स प्राइड युवाओं की प्रबल आकांक्षाओं को दर्शाता है और एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक लीडर के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करता है। ' आधुनिक भारतीय संस्कृति में प्रेरणादायक सफलता को बढ़ावा देता आया है।



पहली बार अवॉर्ड शो के मंच पर उतरीं

# सोनम बाजवा

## बोलीं- 'घबराहट भी थी और दिल में आभार भी था'

फिल्मी दुनिया में अवॉर्ड नाइट्स को हमेशा खास माना जाता है। इस मंच पर परफॉर्म करना किसी भी कलाकार के लिए बड़ा सम्मान होता है। इसी से जुड़ा एक खास अनुभव अभिनेत्री सोनम बाजवा ने साझा किया। उन्होंने पहली बार जी सिने अवॉर्ड्स 2026 के अवॉर्ड शो में पहली बार लाइव परफॉर्मेंस दी। इस दौरान उन्हें कैसा महसूस हुआ, इस बारे में अभिनेत्री ने खुलकर बात की। सोनम ने जी सिने अवॉर्ड्स 2026 में अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के गानों 'बोल कफ्फारा क्या होगा' और 'दिल दिल दिल' पर शानदार डांस किया। उनकी एनर्जी और एक्सप्रेशन ने वहां दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस को देख वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। सोनम ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, ''मैं पहले भी कई लाइव शो कर चुकी हूं, लेकिन किसी अवॉर्ड नाइट में परफॉर्म करना मेरे लिए बिल्कुल अलग एहसास था। बचपन में मैं टीवी पर अवॉर्ड फंक्शन देखा करती थी और सोचती थी कि एक दिन मैं भी ऐसे ही मंच पर खड़ी होंगी। अब जब मुझे यह मौका मिला तो यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था।'' उन्होंने कहा, ''यह मेरा पहला अवॉर्ड शो परफॉर्मेंस था, इसलिए यह मेरे लिए बेहद खास है। पूरे फिल्म जगत के सामने स्टेज पर खड़ा होना अलग ही अनुभव है। वहां का माहौल, सिनेमा का जश्न और फैंस का प्यार, सब कुछ बहुत भावुक कर देने वाला होता है। परफॉर्मेंस से पहले मैं थोड़ी नर्वस थी, लेकिन साथ ही दिल में आभार भी था कि मुझे इतना बड़ा मौका मिला।''




## 'चिरिकी चिरिकी' के लिए 200+ मिलियन व्यूज मिलने के बाद अब 'पेड्डी' का दूसरा धमाका, 'रई रई रा रा' में दिखा राम चरण का इलेक्ट्रिफाइंग अवतार

'पेड्डी' में राम चरण और जाह्नवी कपूर लीड रोल में हैं, जबकि जगपति बाबू एक अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के पहले गाने 'चिकिरी चिकिरी' के 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करने के बाद, मेकर्स ने अब इसका जोश से भरा दूसरा सिंगल 'रई रई रा रा' रिलीज कर दिया है। ' 'पेड्डी' 2026 की सबसे चर्चित और मोस्ट-अवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में हैं। विज़नरी डायरेक्टर बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में नज़र आएंगे। जब से इस प्रोजेक्ट का एलान हुआ है, तब से ही दुनिया भर में इसे लेकर जबरदस्त बज और एक्साइटमेंट बना हुआ है। फिल्म का पहला गाना, 'चिकिरी चिकिरी', इंटरनेट पर छा गया और देखते ही देखते फैन्स का फेवरेट बन गया। सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करने के साथ ही, यह साल के सबसे बड़े गानों में से एक बनकर उभरा है। 'चिकिरी चिकिरी' की जबरदस्त कामयाबी के बाद, मेकर्स ने अब दूसरा गाना 'रई रई रा रा' रिलीज कर दिया है। यह ट्रैक एक और हाई-एनर्जी एंथम है, जिसमें राम चरण ने एक बार फिर अपने बेमिसाल डांस मूव्स, स्टाइल और स्वैग का जलवा बिखेरा है। ए. आर. रहमान का म्यूजिक, जिनकी वाइब्रेंट कंपोजिशन ने इस गाने को एक दमदार और थिरकने पर मजबूर कर देने वाला नंबर बना दिया है।यह ट्रैक अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोर चुका है, जो फिल्म के म्यूजिक को लेकर बढ़ते क्रेज को साफ दिखाता है। अब दूसरा गाना भी इंटरनेट पर छा जाने और चार्टबस्टर हिट बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित 'पेड्डी' में राम चरण टाइटल रोल में हैं, साथ ही फिल्म में शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू जैसे कलाकार भी नज़र आएंगे। वेंकट सतीश किलरू द्वारा अपने बैनर वृद्धि सिनेमास के तहत और मशहूर प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से बनी यह फिल्म 30 अप्रैल, 2026 को रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर फेम सौम्या टंडन ने खोला फिटनेस का राज

टीवी सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' की 'गोरी मैम' यानी सौम्या टंडन इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर' की सफलता का जश्न मना रही हैं। इसी खुशी के बीच उन्होंने अपने फैंस के लिए एक बेहद इंस्पायरिंग मैसेज भी दिया है। सौम्या का कहना है कि फिटनेस कोई ऐसा काम नहीं जो बीच में छोड़ दिया जाए बल्कि ये खुद के लिए जिंदगी भर का कमिटमेंट है। उन्होंने खासकर महिलाओं को ये कहा कि हालात कैसे भी हों अपने शरीर का ख्याल रखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। सौम्या ने सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वे एरियल योग, प्लैंक्स, वर्कआउट और पिलाटेस करती नजर आ रही हैं. अपनी फिटनेस जर्नी पर बात करते हुए उन्होंने लिखा कि सालों से योग, पिलाटेस और वेट ट्रेनिंग उनकी दिनचर्या का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'कभी मत रुकिए। चाहे घुटने की चोट हो, प्रेग्नेंसी हो या साइटिका, कैसी भी कंडीशन हो, बस लगे रहिए. आपका शरीर दुनिया का सबसे अच्छा इन्वेस्टमेंट है।' सौम्या ने महिलाओं को वेट लिफ्टिंग करने की भी सलाह दी है।




## रश्मिका मंदाना, विजय देवरकोंडा ने शादी के बाद हैदराबाद में रिसेप्शन आयोजित किया



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और अभिनेता विजय देवरकोंडा ने अपनी शादी के बाद परिवार, दोस्तों और उद्योग जगत के साथियों के लिए एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया। दोनों सितारों ने 26 फरवरी को उदयपुर के बाहरी इलाके में स्थित एक आलीशान होटल में निजी समारोह में शादी की थी। यहां होटल ताज कृष्णा में बुधवार शाम को आयोजित रिसेप्शन में अल्लू अर्जुन, चिरंजीवी और उनके बेटे राम चरण, नागार्जुन, उनकी पत्नी अमाला और बेटे नागा चैतन्य सहित कई हस्तियां शामिल हुईं। रिसेप्शन के लिए मंदाना और देवराकोंडा ने पारंपरिक परिधान चुने थे। मंदाना ने लाल और सुनहरे बॉर्डर वाली साड़ी पहनी थी, जबकि विजय ने क्रीम रंग का कुर्ता और धोती पहनी थी और साथ में उन्होंने अपने कंधे पर शॉल रखा था। जैसे ही वे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे दोनों ने बाहर मौजूद पैपराजी का मुस्कुराकर और हाथ हिलाकर अभिवादन किया, साथ ही हाथ जोड़कर और झुककर उन्हें नमस्कार किया। देवरकोंडा ने कहा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद... हमें उम्मीद है कि आज समारोह खत्म होने के बाद हमें कुछ समय शांति से बिताने का मौका मिलेगा। समारोह में दग्गुबती वेंकटेश, राधिका सरतकुमार, आर सरतकुमार, नानी, नम्रता शिरोडकर और बेटी सितारा, श्रीलीला, दीक्षित शेट्टी भी शामिल हुए। कृति सैनन, करण जौहर, सुकुमार, नीना गुप्ता और उनके पति विवेक मेहरा, नवीन पॉलिशेट्टी भी इस समारोह का हिस्सा थे। सैनन आगामी फिल्म कॉकटेल 2 में मंदाना के साथ दिखेंगी। सैनन ने रिसेप्शन से कई तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा कीं। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, हमेशा ऐसे ही चमकते रहो, खुश रहो। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दंपति के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के विवाह समारोह में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हुई और मैं व्यक्तिगत रूप से इस जोड़े को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## तेलुगु में धमाका मचाने के बाद, नानी स्टारर 'आया शेर' हिंदी में रिलीजए श्रीकांत ओडेला की 'द पैराडाइज' ने बनाया साल का रिकॉर्ड




नानी के बर्थडे पर रिलीज हुई तेलुगु वर्ज़न के जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, 'आया शेर' इस साल का अब तक का सबसे हिट गाना बन गया; भारी डिमांड के बाद आखिरकार हिंदी वर्ज़न भी रिलीज़ कर दिया गया है। द पैराडाइज के मेकर्स ने जश्न को और बढ़ा दिया है। तेलुगु गाने के रिकॉर्ड तोड़ धमाके के बाद अब 'आया शेर' का हिंदी वर्जन रिलीज हो गया है। नेचुरल स्टार नानी के जन्मदिन पर आया तेलुगु गाना लोगों को खूब पसंद आया था। तेलुगु वर्जन की जबरदस्त सफलता और हिंदी वर्जन की डिमांड के बाद अब यह गाना हिंदी में भी आ गया है और इस साल का अब तक का सबसे बड़ा हिट बन गया है।'आया शेर' का मतलब है 'शेर आ गया' और यह लाइन ही गाने का जोश दिखा देती है। यह गाना पहले ही एक पावर-पैक एंथम बन चुका है। तेलुगु वर्जन ने नानी के जन्मदिन पर रिलीज होकर चार्ट्स और सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था और अब हिंदी वर्जन भी उसी अंदाज में लोगों का पसंदीदा बन गया है। तेलुगु वर्जन ने यूट्यूब पर 44 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 1 मिलियन से ज्यादा लाइक्स पार कर लिए हैं; गाना अभी सबसे ट्रेंडिंग ट्रैक्स में से एक बन चुका है। दुनिया भर के फैंस इंस्टाग्राम पर नानी के इलेक्ट्रिफाइंग हुक स्टेप को दोहरा रहे हैं और इस ट्रैक से प्रेरित अनगिनत एनर्जेटिक रील्स शेयर कर रहे हैं। फिल्म में नानी के लिए यह एक धमाकेदार इंट्रोडक्शन ट्रैक है। 'आया शेर' को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है और सुधान मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। गाने में रॉ एनर्जी, थिरकते बीट्स और नानी की ट्रेडमार्क इंटेंसिटी साफ नजर आती है। उनकी स्क्रीन पर कमांडिंग प्रेजेंस और डायनामिक डांस मूव्स ने इसे एक सांस्कृतिक पल बना दिया है, जिसे फैंस खुद एक थिएटरिकल स्पेक्ट्रेकल के रूप में सेलिब्रेट कर रहे हैं। द पैराडाइज श्रीकांत ओडेला का एक और बड़ा प्रोजेक्ट है, जिन्होंने अपने डेब्यू फिल्म दसरा से खूब तारीफें बटोरी थीं। जबरदस्त हाइप के बीच, अनिरुद्ध का पावरफुल साउंडट्रैक, जिसमें अरजुन चांडी की वॉइस है, फिल्म की इमोशनल गहराई और स्केल को और बढ़ा देता है। स्ळ्ळ सिनेमाज के प्रोडक्शन में बनी द पैराडाइज का ग्रैंड वर्ल्डवाइड रिलीज़ 21 अगस्त 2026 को आठ भाषाओं में होने वाला है। विज़नरी डायरेक्टर, दमदार परफॉर्मेंस और अब साल का सबसे बड़ा म्यूजिकल हिट लेकर यह फिल्म एक ग्लोबल सिनेमैटिक इवेंट बनने की तैयारी में है।



## एक्टिंग से दूर रहकर भी करोड़ों कमाती हैं अनिल कपूर की छोटी बेटी


# रिया कपूर

दिग्गज एक्टर अनिल कपूर बड़ी बेटी सोनम कपूर ने अपने पिता के नक्शे कदमों पर चलकर इंडस्ट्री में कदम रखा और अपनी अलग पहचान बनाई। वहीं उनकी छोटी बेटी रिया कपूर ने एक्टिंग करियर से दूरी बनाई। हालांकि आज वो करोड़ों की कमाई करती हैं। रिया कपूर बॉलीवुड के एक्टर अनिल कपूर की छोटी बेटी और सोनम कपूर की बहन हैं। रिया लाइमलाइट से काफी दूर रहती हैं। रिया कपूर ने मुंबई के धीरुभाई अंबानी स्कूल से अपनी पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी से ड्रामेटिक लिटरेचर में ग्रैजुएशन की डिग्री ली। ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद रिया ने अपना करियर बनाने का फैसला लिया। उन्होंने एक्टिंग में कदम रखने के बजाए बतौर प्रोड्यूसर अपने करियर की शुरुआत की। रिया ने साल 2010 में राजश्री ओझा के साथ फिल्म 'आयशा' प्रोड्यूस की्। इस फिल्म में सोनम कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था। इसके बाद उन्होंने 'खूबसूरत', 'वीरे दी वेडिंग' दी, 'थैंक यू फॉर कॉलिंग' और 'क्रू' जैसी फिल्में बनाईं। रिया ने साल 2010 में राजश्री ओझा के साथ फिल्म 'आयशा' प्रोड्यूस की. इस फिल्म में सोनम कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था. इसके बाद उन्होंने 'खूबसूरत', 'वीरे दी वेडिंग' दी, 'थैंक यू फॉर कॉलिंग' और 'क्रू' जैसी फिल्में बनाईं। रिया अपनी फिल्मों और बिजनेस से करोड़ों की संपत्ति जमा कर चुकी हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबित रिया की नेटवर्थ 52 करोड़ रुपए है। रिया बेहद ही लग्जरी लाइफ जीती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं।

(साभार एजेंसी)

## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल 2026

# 8 मार्च को शाम 7 बजे होगा महामुकाबला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट जगत का सबसे प्रतिष्ठित और रोमांचक टूर्नामेंट, आईसीसी टी20 विश्व कप 2026, अब अपने निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। फाइनल मैच को लेकर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की धड़कनें तेज हैं क्योंकि रविवार, 8 मार्च 2026 को वह महामुकाबला खेला जाएगा।

क्रिकेट जगत का सबसे प्रतिष्ठित और रोमांचक टूर्नामेंट, आईसीसी टी20 विश्व कप 2026, अब अपने निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। फाइनल मैच को लेकर दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की धड़कनें तेज हैं क्योंकि रविवार, 8 मार्च 2026 को वह महामुकाबला खेला जाएगा, जिससे यह तय होगा कि इस ट्रॉफी का हकदार कौन होगा।

### न्यूजीलैंड ने फाइनल के लिए पक्का किया टिकट

पहले सेमीफाइनल में एकतरफा जीत दर्ज करते हुए न्यूजीलैंड ने खिताबी मुकाबले में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। कीवी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार खेल खेलते हुए महज 12.5 ओवरों में 9 विकेट से मैच जीतकर सबको हैरान कर दिया। इस धमाकेदार प्रदर्शन के साथ न्यूजीलैंड अब अहमदाबाद में होने वाली फाइनल जंग के लिए तैयार है।

### फाइनल में किससे होगी भिड़ंत?

फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना कौन सी टीम करेगी, इसका फैसला आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले दूसरे सेमीफाइनल से होगा। यहाँ मेजबान भारत और डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड के बीच कड़ी टक्कर होने वाली है। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे अहमदाबाद का रुख करेगी और 8 मार्च को न्यूजीलैंड से लोहा लेगी।

विश्व कप 2026 का खिताबी मुकाबला भारत के गौरव और दुनिया के सबसे विशाल क्रिकेट ग्राउंड, नरेंद्र मोदी स्टेडियम (अहमदाबाद) में आयोजित किया जाएगा।

मैच की तारीख- 8 मार्च 2026 (रविवार)

टॉस का समय- शाम 6.30 बजे (आईएसटी)

मैच की शुरुआत- शाम 7.00 बजे (आईएसटी)

अहमदाबाद का यह मैदान अपनी भव्यता और दर्शकों के उत्साह के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। उम्मीद की जा रही है कि फाइनल के दिन पूरा स्टेडियम खचाखच भरा होगा और दुनिया को एक ऐतिहासिक मुकाबला देखने को मिलेगा।

# रेणुका सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से बाहर

## वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दिया, काशवी गौतम को मौका, आज पर्थ में मुकाबला





अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सातघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, काशवी गौतम और वैष्णवी शर्मा।

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट से पहले इंडिया विमेंस ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण आराम दे दिया। उनकी जगह ऑलरांडर काशवी गौतम को टीम में जगह मिली। काशवी वनडे सीरीज का भी हिस्सा थीं।

### लगातार क्रिकेट खेल रही थीं रेणुका

मेडिकल टीम ने बीसीसीआई से कहा कि रेणुका लगातार क्रिकेट खेल रही हैं। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद उन्होंने टीम के लिए सभी मैच खेले। फिटनेस और टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए उन्हें टेस्ट से आराम देना चाहिए। बीसीसीआई ने कहा, पर्थ के वाका में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए रेणुका उपलब्ध नहीं रहेंगी। उनके वर्कलोड को बेहतर मैनेज करने के लिए यह फैसला लिया गया। मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखेगी।

**रेणुका ने टी-20 और वनडे सीरीज में पूरे मैच खेले-** इंडिया विमेंस फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में मल्टी फॉर्मेट सीरीज खेलने के लिए गई हैं। रेणुका ने 3 टी-20 में 4 विकेट लिए, वहीं 3 वनडे में वे 2 विकेट ही अपने नाम कर सकीं।

**सीरीज में 8-4 से आगे ऑस्ट्रेलिया-** भारत ने टी-20 सीरीज 2-1 से जीती। वनडे सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती। ऑस्ट्रेलिया में विमेंस क्रिकेट सीरीज में हर मैच के अलग-अलग पॉइंट्स होते हैं। व्हाइट बॉल मैच जीतने पर 2 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया के 8 और भारत के पास 4 पॉइंट्स हैं। अगर भारत ने टेस्ट जीत लिया तो दोनों के 8-8 पॉइंट्स हो जाएंगे और सीरीज ड्रॉ रहेगी। टेस्ट ड्रॉ होने पर दोनों टीमों को 2-2 पॉइंट्स मिलेंगे, ऐसे में ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया के पास चली जाएगी।

**इंडिया विमेंस की अपडेटेड टेस्ट टीम-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, हरलीन देओल, प्रतिका रावल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर),

# वर्ल्ड चैंपियन गुकेश को ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने हराया

- प्राग चेस फेस्टिवल में आखिरी नंबर पर पहुंचे; 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कटे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को प्राग इंटरनेशनल चेस फेस्टिवल 2026 में भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद लाइव चेस रैंकिंग में गुकेश 20वें स्थान पर पहुंच गए। वे टूर्नामेंट में आखिरी नंबर पर चल रहे हैं।

**गुकेश 6 राउंड के बाद 3 गेम हारे-** दिसंबर 2024 में वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद गुकेश पर लगातार दबाव बना हुआ है। प्राग में चल रहे इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अब तक खास नहीं रहा। टूर्नामेंट में 6 राउंड के बाद वे 3 मुकाबले हार चुके हैं, जबकि बाकी 3 मैच ड्रॉ रहे। खराब प्रदर्शन के कारण उनके 19 रेटिंग पॉइंट्स भी कम हो गए। समय कम होने के कारण तेजी से चाल चलनी पड़ी

मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मैच के आखिरी फेज में गुकेश से बड़ी गलती हो गई। समय कम होने के कारण उन्हें 35वीं से 40वीं चाल तक तेजी मूव करना पड़ा।

### गुकेश ड्रॉ करा सकते थे मुकाबला

मैच के बाद अरविंद चिदंबरम ने बताया कि 37वीं चाल में 'एफ4' खेलना गुकेश के लिए भारी साबित हुआ। इस चाल से उनके नाइट (घोड़े) को एफ3 और एफ2 जैसी जगहों तक पहुंचने का मौका मिला। अगर उस समय गुकेश रूक (हाथी) डी2 चलते तो मुकाबला ड्रॉ की ओर जा सकता था।

# हरियाणा का आयरन मैन अर्जेंटीना में लड़ेगा बड़ी फाइट

- 26 साल छोटे फ्रेंच फाइटर को चुनौती देंगे संग्राम सिंह, 5 अप्रैल को मुकाबला

**सोनीपत (एजेंसी)।** हरियाणा के दिग्गज एमएमए फाइटर संग्राम सिंह एक बार फिर इतिहास रचने की दहलीज पर खड़े हैं। प्रोफेशनल रेसलिंग से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) की दुनिया में कदम रखने वाले संग्राम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का झंडा बुलंद करने जा रहे हैं।

5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह सिर्फ एक फाइट नहीं, बल्कि भारतीय एमएमए इतिहास का वह क्षण होगा जब पहली बार कोई भारतीय फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। संग्राम सिंह अपनी उम्र से 26 साल छोटे फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो के साथ फाइट करेंगे। ऐसा पहली बार हो रहा है कि इतनी ज्यादा उम्र में तेज-तर्रार युवक से संग्राम फाइट करेंगे। 5 अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स में आयोजित होने जा रहे समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) में संग्राम सिंह मुख्य मुकाबले में उतरेंगे।

### रोजाना 6 घंटे कर रहे प्रैक्टिस

संग्राम भारतीय और रशियन कोच की निगरानी में रोज 6 घंटे प्रैक्टिस कर रहे हैं। पिछले दिनों संग्राम सिंह पेरिस, थाईलैंड और बाली में ट्रेनिंग शेड्यूल पूरा करके आए थे। खास बात ये है कि हरियाणवी फाइटर शुद्ध शाकाहार पर निर्भर हैं। दूध-घी-चूरमा उनकी डाइट का अहम हिस्सा है। संग्राम सिंह दो बार एमएमए खिताब जीत चुके हैं। इंग्लैंड के पहली बार केज में उतरेंगे।





### फाइट विनर को एक करोड़ इनाम

अर्जेंटीना में आयोजित इस फाइट को विनर को प्राइज में लगभग एक करोड़ रुपए मिलेंगे। साथ ही रैंक में सुधार होगा। फाइट के टिकट की कीमत 50 हजार रुपए तक है। उसके बाद टाइटल खेलने के लिए मौका मिलता है। टाइटल के दौरान करोड़ों रुपए मिलते हैं। संग्राम सिंह ने पिछली फाइट 2 नवंबर 2025 को नीदरलैंड में लड़ी और जीती।

### फ्रेंच चैलेंजर माटेओ मोंटेइरो से मुकाबला

एसएफएच 28 के मुख्य मुकाबले में संग्राम सिंह का सामना फ्रांस के उभरते हुए फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा। यह मुकाबला एशिया और यूरोप की प्रतिभा के बीच जोरदार टकराव माना जा रहा है। जहां संग्राम अपने अनुभव और रणनीतिक परिपक्वता के साथ उतरेंगे, वहीं मोंटेइरो युवा जोश और आक्रामकता के दम पर अपनी पहचान मजबूत करना चाहेंगे। खेल से जुड़े एक्सपर्ट कहते हैं कि संग्राम को इस मुकाबले में बेहद सधे हुए अंदाज में उतरना होगा, क्योंकि मामूली गलती भी इस तरह के फाइटर के सामने भारी पड़ सकती है। ये अनुभव बनाम आक्रामकता की टक्कर होगी।

**जीतने के लिए जा रहा अर्जेंटीना- संग्राम-** अपने तीसरे अंतरराष्ट्रीय एमएमए मुकाबले को लेकर दैनिक भास्कर एप से बातचीत में कहा रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया मानी जाती हैं, मुकाबले के लिए लगातार मेहनत की जा रही है, लेकिन अनुशासन, फिटनेस और योद्धा भावना हर मंच पर काम आती है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना में वह केवल हिस्सा लेने नहीं, बल्कि जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगे।

# इटली की महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची



**हैदराबाद (एजेसी)।** इटली की राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर के लिए हैदराबाद, तेलंगाना पहुंच गयी है। आठ से 14 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश मुकाबला करेंगे। इटली को पूल ए में रखा गया है। जहां उनका सामना इंग्लैंड, कोरिया और ऑस्ट्रिया से होगा। यूरोपियन टीम पहले दो बार एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, पहली बार 1976 में और हाल ही में 2018 में, जहां उन्होंने नौवें स्थान पर रहकर अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इटली अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद नौ और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया और कोरिया के खिलाफ मैच होंगे। इस अवसर पर इटली की महिला हॉकी टीम की कप्तान, सारा पुग्लिसी ने कहा, हम टीम के साथ अच्छी तैयारी के बाद अभी हैदराबाद पहुंचे हैं। हम एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई मुकाबालों के लिए तैयार हैं।

# वेस्टइंडीज टीम कोलकाता के होटल में फंसी, हेड कोच डैरेन सैमी ने की अपील

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है, मैं बस घर जाना चाहता हूं।



पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक शुरू में आईसीसी ने वेस्टइंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर्ड फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्टइंडीज हफ़्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्टइंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे।

पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ़्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया।

वेस्टइंडीज की तरह जिम्बाब्वे ने भी टी 20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है।

जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं।फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी। ज़िम्बाब्वे का ओरिजिनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है।

# 'चोकर' वाले टैग पर दक्षिण अफ्रीकी कोच का बड़ा बयान, सेमीफाइनल में हार के बाद कहा दबाव में अच्छा नहीं खेले

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई।

न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे चोकर कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था।

कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद कहा, मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था। आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द मोएर्ड (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं।

कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और



उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को ग्रोवल (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहा, आज रात हमें एक करारा स्नॉटक्लैप मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

न्यूजीलैंड के गेंदबाज कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में ही क्विंटन डीकॉक (10) और रयान रिकेल्टन (00) को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। बाद में रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने बीच के ओवरों में दक्षिण अफ्रीका को दबाव में रखा। बाद में मार्को यानसन (नाबाद 55) और ट्रिस्टन स्टब्स (29) ने टीम के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कॉनराड ने कहा, स्टैबो और मार्को की बदौलत हमने अच्छी वापसी की, लेकिन न्यूजीलैंड का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने शुरुआती ओवरों में स्पिनरों से परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और हम बिल्कुल भी लय हासिल नहीं कर पाए। इसलिए वह जीत के हकदार थे।

दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा कि अभी तक सब कुछ सही चल रहा था लेकिन आज उनका दिन नहीं था। उन्होंने इस बात से भी इंकार कर दिया कि अपने अधिकतर मैच अहमदाबाद में खेलने के कारण वह किसी अन्य स्थान में खेलने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में अपने सभी मैच खेलने और फिर अन्य स्थान पर नहीं खेलने के बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है। लेकिन फिर भी यह कोई बहाना नहीं है। उन्होंने शुरुआत में ही पकड़ बना ली थी और हमें किसी भी तरह की लय नहीं मिली। उन्होंने हमें जीतने का जरा भी मौका नहीं दिया।

# इंग्लिश प्रीमियर लीग : सालाह के गोल के बावजूद वॉल्व्स से हारा लिवरपूल

**लंदन (एजेंसी)।** मोहम्मद सालाह के गोल के बावजूद लिवरपूल को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। ब्राजील के मिडफील्डर आंद्रे ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर लिवरपूल की अगले सत्र में



चैंपियंस लीग में खेलने की उम्मीदों को झटका दिया। मैच का नाटकीय अंत देखने को मिला जब सालाह ने 83वें मिनट में गोल करके लिवरपूल को बराबरी पर ला दिया। यह उनका प्रीमियर लीग में 10 मैचों में पहला गोल था। सालाह के गोल से कुछ समय पहले रोड्रिगो गोम्स ने 78वें मिनट में वॉल्व्स को बढ़त दिलाई थी।

# पश्चिम एशिया में युद्ध का छठा दिन : ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमले किए

» दुबई, भाषा।

**अमेरिकी पनडुब्बी के एक ईरानी युद्धपोत को डुबोने की घटना के बाद ईरान ने बृहस्पतिवार तड़के युद्ध के छठे दिन इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइल दागीं। ईरान ने पूरे क्षेत्र में सैन्य और आर्थिक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की धमकी भी दी है। इस हमले की इजराइल द्वारा घोषणा किए जाने से कुछ ही समय पहले उसकी सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह को निशाना बनाते हुए नए हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका और इजराइल ने बुधवार को ईरान के सुरक्षा बलों और प्रशासनिक संस्थानों को निशाना बनाते हुए बमबारी तेज कर दी थी। ईरान पर हमलों की तीव्रता इतनी भीषण थी कि सरकारी टेलीविजन ने घोषणा की कि संघर्ष की शुरुआत में मारे गए ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए आयोजित शोक समारोह को स्थगित करना होगा।**




अयातुल्ला अली खामेनेई के पूर्ववर्ती अयातुल्ला रुहोल्ला खोमैनी के अंतिम संस्कार में 1989 में लाखों लोग शामिल हुए थे। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के प्रमुख नेतृत्व, मिसाइल भंडार और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए युद्ध की शुरुआत की और यह संकेत दिया कि उनका लक्ष्य ईरान में सरकार को गिराना है। सटीक लक्ष्य और समयसीमा में बार-बार बदलाव के कारण इस युद्ध के अनिश्चित काल तक जारी रहने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध के मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन के लिए बुधवार को अमेरिकी सेना की प्रशंसा की। वहीं, अमेरिकी सीनेट में उनके सहयोगी रिपब्लिकन सांसदों ने ईरान के मुद्दे पर ट्रंप का साथ दिया और युद्ध रोकने की मांग वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया। संघर्ष बढ़ने के साथ ही ईरान ने बहरीन, कुवैत और इजराइल पर हमले किए। तुर्किए ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की रक्षा प्रणाली ने ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्किए के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में ईरान में 1,000 से अधिक, लेबनान में 70 से अधिक और इजराइल में लगभग 12 लोग मारे गए हैं। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतरराष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अर्द्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा क्षेत्र के सैन्य और आर्थिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने की धमकी के बाद पड़ोसी देश बृहस्पतिवार को संभावित खतरों को लेकर सतर्क हैं। कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी दोहा में अमेरिकी दूतावास के पास रहने वाले निवासियों को एहतियात के तौर पर निकाल रहे हैं, हालांकि उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में बृहस्पतिवार सुबह लड़ाकू विमानों की आवाज सुनी गई जबकि कुवैत के तट पर हुए एक नए हमले से वाणिज्यिक जहाजों को खतरे की आशंका बढ़ गई है। ब्रिटेन की सेना द्वारा संचालित यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर के अनुसार, बृहस्पतिवार तड़के इलाके में एक धमाका हुआ। केंद्र ने बताया कि एक टैंकर पर हमला हुआ था लेकिन उन्होंने हमले का कारण नहीं बताया। ईरान पूर्व में जहाजों पर लिम्पेट माइंस लगाकर हमला कर चुका है। ईरान के हमलों के कारण ओमान और होर्मूज जलडमरूमध्य से यातायात बाधित होने से तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और इसके कारण वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट आई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि मंगलवार रात हिंद महासागर में एक अमेरिकी पनडुब्बी से दागे गए टॉरपीडो ने एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। श्रीलंका के अधिकारियों ने बताया कि जहाज से 32 लोगों को बचाया गया, जबकि देश की नौसेना ने कहा कि उसने 87 शव बरामद किए हैं। इजराइल ने कहा कि इजराइली सेना ने ईरान के आंतरिक सुरक्षा कमान से जुड़े भवनों पर भी हमला किया। इजराइल और अमेरिका का कहना है कि वे ईरान में सत्ता परिवर्तन चाहते हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश की सेनाओं में नेतृत्व विकेंद्रीकृत है और इकाइयां काफी हद तक अपने दम पर काम करती हैं, जिससे शीर्ष कमान और नियंत्रण केंद्रों पर हमलों का प्रभाव कम हो सकता है।

## युद्ध शक्तियों के प्रस्ताव पर मतदान कराने के लिए डेमोक्रेट का दबाव गलतः सीनेटर जॉन बैरासो

# ईरान-इजराइल संघर्ष पर रिपब्लिकन ने ट्रंप का समर्थन किया

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन सदस्यों ने ईरान युद्ध को रोकने के उद्देश्य से बुधवार को लाए गए एक प्रस्ताव पर मतदान कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया, जो युद्ध को लेकर शुरुआती समर्थन का संकेत है। युद्ध लड़ने के खिलाफ प्रस्ताव 53 के मुकाबले 47 मत से गिर गया। मतदान अधिकतर पार्टी लाइन के अनुसार हुआ। केंटुकी के रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने इसके पक्ष में और पेंसिल्वेनिया के डेमोक्रेट सीनेटर जॉन फेट्टरमैन ने इसके विरोध में मतदान किया। मतदान के दौरान डेमोक्रेटिक सीनेटर अपनी अपनी सीट पर बैठे नजर आए जो इस महत्वपूर्ण क्षण की गंभीरता को रेखांकित करता है। आम तौर पर, सीनेटर अपना वोट डालने के लिए कक्ष में आते हैं और फिर चले जाते हैं।**



मतदान से पहले सीनेट के डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा, आज हर सीनेटर - एक पक्ष चुनेगा। उन्होंने कहा, क्या आप उन अमेरिकी लोगों के साथ खड़े हैं जो पश्चिम एशिया में जारी अंतहीन युद्धों से थक चुके हैं या आप डोनाल्ड ट्रंप और पीट हेगसेथ के साथ खड़े हैं जो हमें एक और युद्ध की ओर धकेल रहे हैं? सीनेट में रिपब्लिकन नेतृत्व में दूसरे स्थान के नेता सीनेटर जॉन बैरासो ने चर्चा के दौरान कहा कि रिपब्लिकन सीनेटर यह संदेश दे रहे हैं कि युद्ध शक्तियों के प्रस्ताव पर मतदान कराने के लिए डेमोक्रेट का दबाव गलत है। उन्होंने कहा, डेमोक्रेट ईरान के राष्ट्रीय परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के बजाय डोनाल्ड ट्रंप के काम में बाधा डालना ज्यादा पसंद करेंगे। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को कहा था कि युद्ध आठ सप्ताह तक चल सकता है, जो कि ट्रंप प्रशासन द्वारा पहले बताए गए समय से अधिक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अमेरिका द्वारा ईरान के हवाई क्षेत्र को नियंत्रित करने के प्रयासों के बावजूद ईरान अब भी मिसाइल हमले करने में सक्षम है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने कहा, अमेरिकी सैनिक अब भी खतरे में हैं और हमें यह स्पष्ट रूप से समझना होगा कि जोखिम अब भी बहुत अधिक है। पिछले सप्ताहांत कुवैत में ड्रोन हमले में छह अमेरिकी सैनिक मारे गए। आयोवा की रिपब्लिकन सीनेटर जोनी अर्न्स्ट ने अपने भाषण में युद्ध के मानवीय नुकसान को स्वीकार किया। रविवार को मारे गए सैनिकों में से एक आयोवा का था और दिसंबर में सीरिया में उनके राज्य की एक नेशनल गार्ड यूनिट पर भी हमला हुआ था, जिसमें दो अन्य सैनिक मारे गए थे। अर्न्स्ट स्वयं दो दशकों तक आयोवा नेशनल गार्ड में अधिकारी के रूप में सेवा दे चुकी हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अब हमारे पास दशकों से जारी अराजकता को समाप्त करने का अवसर है। जितनी जल्दी हो उतना अच्छा है।

## महत्वपूर्ण खनिजों पर चर्चा के लिए वेनेजुएला पहुंचे अमेरिकी गृह मंत्री



**काराकास, (भाषा)।** अमेरिका के गृह मंत्री डग बर्गम ने बुधवार को वेनेजुएला में कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। इस मुलाकात को ट्रंप प्रशासन की उस नीति का संकेत माना जा रहा है, जिसके तहत दक्षिण अमेरिकी देश के प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नेशनल एनर्जी डोमिनेंस काउंसिल का नेतृत्व करने वाले बर्गम इस दौरान अमेरिका और वेनेजुएला की कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मिलने वाले थे। वेनेजुएला स्थित अमेरिकी राजनयिक मिशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनका उद्देश्य वैध खनन क्षेत्र और महत्वपूर्ण खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देना है। अमेरिकी मिशन ने दो दिन की इस यात्रा को प्रशासन की चरणबद्ध योजना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया, जिसका उद्देश्य वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना है। बर्गम काराकास में रोड्रिगेज से मिलने वाले अमेरिकी अधिकारियों में शामिल हो गए हैं। रोड्रिगेज को दो महीने पहले तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की अमेरिकी बलों द्वारा गिरफ्तारी के बाद पद की शपथ दिलाई गई थी। बर्गम की यह यात्रा फरवरी में ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट की यात्रा के बाद हुई है, जो मुख्य रूप से वेनेजुएला की तेल क्षमता पर केंद्रित थी। वेनेजुएला में अमेरिका की शीर्ष राजनयिक लॉरा डोगू भी राष्ट्रपति भवन में रोड्रिगेज के साथ हुई बैठक में बर्गम के साथ मौजूद थीं। ट्रंप प्रशासन ने पिछले महीने अपने सहयोगियों और साझेदारों के साथ महत्वपूर्ण खनिजों का एक व्यापारिक समूह बनाने की योजना की घोषणा की थी, ताकि लड़ाकू विमानों से लेकर स्मार्टफोन तक में उपयोग होने वाले इन अहम तत्वों पर चीन के प्रभाव का मुकाबला किया जा सके।

## ईरान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने की तैयारी कर रहे कुर्द विद्रोही समूह

**इरबिल (इराक), (भाषा)।** उत्तरी इराक में स्थित ईरानी कुर्द असंतुष्ट समूह के नेताओं का कहना है कि वे ईरान में संभावित सीमा-पार सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं और अमेरिका ने इराकी कुर्द से उनका समर्थन करने को कहा है। कुर्द समूहों को बिखरे हुए ईरानी विपक्ष का व्यापक रूप से सबसे संगठित हिस्सा माना जाता है और अनुमान है कि उनके पास हजारों प्रशिक्षित लड़ाके हैं। युद्ध में उनका प्रवेश तेहरान में संकटग्रस्त प्राधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है तथा यह इराक को भी संघर्ष में और अधिक उलझा सकता है। उत्तरी इराक के अर्ध-स्वायत्त कुर्द क्षेत्र में स्थित कुर्दिस्तान फ्रीडम पार्टी (पीएके) के अधिकारी खलील नादिरी ने बुधवार को कहा कि उनकी कुछ लड़ाके सुलेमानीया प्रांत में ईरानी सीमा के पास के इलाकों में चले गए हैं और उन्हें तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों ने संभावित अभियान को लेकर कुर्द विपक्षी समूहों के नेताओं से संपर्क किया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। अमेरिका और इस्राइल द्वारा शनिवार को ईरान पर हमला किए जाने से पहले, पीएके ने तेहरान द्वारा प्रदर्शनों पर की गई हिंसक कार्रवाई के प्रतिशोध में अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड पर हमलों का दावा किया था। हालांकि, समूह के एक अधिकारी ने कहा कि उसने इराक से ईरान में बल नहीं भेजे हैं। यदि ईरानी और इराकी कुर्द समूह युद्ध में शामिल होते हैं तो यह इस लड़ाई में पहली बार किसी बड़े जमीनी बल का प्रवेश होगा।

## नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया उस पर उसे गहरा पछतावा होगा : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई, (भाषा)।** ईरान के विदेश मंत्री ने बृहस्पतिवार को कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत फ्रिगेट देना पर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया।



मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। ईरानी पोत हाल में भारत द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास में शामिल हुआ था।

## रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का नया दौर स्थगित किया गया : जेलेंस्की

**कीव, (भाषा)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण इस सप्ताह रूस और यूक्रेन के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली वार्ता का नया दौर स्थगित कर दिया गया है। इस बीच, अमेरिका और पश्चिम एशिया में उसके सहयोगी ईरान के शाहेद ड्रोन का मुकाबला करने के लिए कीव की विशेषज्ञता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने चार साल पहले अपने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला करने के बाद से उस पर हजारों मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने अमेरिकी-इजराइली संयुक्त हमलों के जवाब में उसी प्रकार के ड्रोन का इस्तेमाल किया है। ईरान के साथ जारी युद्ध का आज छठा दिन है। जेलेंस्की ने बुधवार को कहा, फिलहाल, ईरान के आसपास की स्थिति के कारण, त्रिपक्षीय बैठक के लिए आवश्यक संकेत अभी तक नहीं मिले हैं।

## ईरान ने रूस से सैन्य सहायता नहीं मांगी है : क्रेमलिन



**मास्को, (भाषा)।** रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका व इजराइल के हमलों का सामना कर रहे ईरान ने रूस से सैन्य सहायता नहीं मांगी है। जब यह पूछा गया कि क्या रूस बयानबाजी से आगे बढ़कर अपने सहयोगी को सैन्य सहायता की पेशकश कर सकता है, तो क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जवाब दिया कि ईरानी पक्ष से कोई अनुरोध नहीं आया है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा स्थिर रुख सर्वविदित है, और इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। रूसी अधिकारियों ने कहा है कि जनवरी 2025 में मास्को द्वारा तेहरान के साथ हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी संधि में सैन्य सहायता का कोई प्रावधान नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### पश्चिम एशिया में अमेरिकी अभियानों में सहयोग से स्पेन का इनकार

» मैड्रिड, भाषा।

**ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका और स्पेन के बीच कूटनीतिक तनातनी बुधवार को और बढ़ गई, जब दोनों देशों की सरकारों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य अभियानों के लिए स्पेन के सैन्य अड्डों के संभावित उपयोग को लेकर परस्पर विरोधी बयान दिए। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि स्पेन सरकार ने अमेरिका की मदद करने पर सहमति जताई है। लेकिन कुछ ही देर बाद स्पेन के विदेश मंत्री जोसे मैनुएल अल्बारेस ने इस दावे का खंडन कर दिया। अल्बारेस ने स्पेन के रेडियो स्टेशन कादेना सेर से कहा, मैं व्हाइट हाउस के प्रवक्ता के बयान का खंडन कर सकता हूं। पश्चिम एशिया के युद्ध, ईरान पर बमबारी और हमारे सैन्य अड्डों के उपयोग को लेकर स्पेन सरकार की स्थिति में जरा भी बदलाव नहीं हुआ है।**

यह मतभेद मंगलवार को तब सामने आया था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पेन के साथ व्यापार समाप्त करने की धमकी दी थी। इससे कुछ घंटे पहले स्पेन के प्रधानमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार दुनिया के लिए हानिकारक किसी भी चीज में सहभागी नहीं बनेगी। अल्बारेस ने बुधवार शाम मैड्रिड में यह टिप्पणी उस समय की, जब व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था, स्पेन के संबंध में मुझे लगता है कि उन्होंने राष्ट्रपति का संदेश कल साफ तौर पर सुन लिया है। लेविट ने कहा, पिछले कुछ घंटों में उन्होंने अमेरिकी सेना के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई है। इसलिए मुझे पता है कि अमेरिकी सेना स्पेन में अपने समकक्षों के साथ समन्वय कर रही है।

### अमेरिकन एयरलाइंस को वेनेजुएला के लिए नियमित उड़ानें फिर शुरू करने की मंजूरी

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिका की विमानन कंपनी अमेरिकन एयरलाइंस को बुधवार को वेनेजुएला के लिए उड़ानें फिर से शुरू करने की मंजूरी मिल गई। अमेरिकन एयरलाइंस यह मंजूरी हासिल करने वाली पहली अमेरिकी एयरलाइन बन गई है। एयरलाइन ने जनवरी में वेनेजुएला के लिए सेवाएं बहाल करने की अपनी योजना की घोषणा की थी। उसी दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया था कि अमेरिकी सेना की तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने की कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के ऊपर वाणिज्यिक हवाई क्षेत्र खोल दिया जाए।**

अमेरिकी विदेश विभाग अब भी अमेरिकियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की चेतावनी दे रहा है, लेकिन सरकार ने अमेरिकन एयरलाइंस को वहां के लिए उड़ानों का कार्यक्रम तय करने की अनुमति दे दी है। अमेरिकन एयरलाइंस 2019 तक वेनेजुएला के लिए उड़ान भरने वाली अंतिम अमेरिकी एयरलाइन थी। उसी वर्ष उसने मियामी और वेनेजुएला की राजधानी काराकस के साथ-साथ तेल उद्योग के प्रमुख शहर माराकाइबो के बीच अपनी उड़ानें निलंबित कर दी थीं। एयरलाइन ने जनवरी में यह योजना घोषित करते समय कहा था कि इससे ग्राहकों को परिवार से दोबारा मिलने और नए कारोबारी अवसर तलाशने का मौका मिलेगा।

### अयातुल्ला का संदेश प्रसारित इजराइलियों एवं ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया

**दुबई, (भाषा)।** ईरान के सरकारी टेलीविजन ने ईरान के एक अयातुल्ला का बृहस्पतिवार को एक संदेश प्रसारित किया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया। यह संदेश अयातुल्ला अब्दुल्ला जवादी अमोली ने दिया। यह संदेश ऐसे समय में जारी किया गया है जब ईरान इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हवाई हमलों का सामना कर रहा है। अमोली ने बयान में कहा, हम अब एक बड़ी परीक्षा के कगार पर हैं और हमें इस एकता एवं इस गठजोड़ को पूरी तरह से बरकरार रखने के लिए सतर्क रहना होगा। उन्होंने यहूदीवादियों का खून बहाने, ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया। अयातुल्ला ने कहा, इस दौर के इमाम कहते हैं, दमनकारी अमेरिका से लड़ो, उसके खून का जिम्मा मेरे कंधों पर है।

### दूसरा ईरानी पोत प्रवेश की अनुमति की प्रतीक्षा कर रहाः श्रीलंका

**कोलंबो, (भाषा)।** श्रीलंका ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक अन्य ईरानी पोत ने उसके जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति मांगी है और इस संबंध में वह उचित कदम पर विचार कर रहा है। श्रीलंका का यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले श्रीलंका के निकट ईरान के एक नौसैनिक पोत (फ्रिगेट) पर हमला हुआ था। श्रीलंकाई अधिकारियों ने बुधवार को कहा था कि उन्होंने श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी हमले के बाद डूबे आईरिस देना नामक ईरानी पोत से करीब 80 ईरानी नाविकों के शव बरामद किए हैं। सरकार के प्रवक्ता और मंत्री नलिंदा जयतिस्सा ने संसद में मुख्य विपक्षी नेता साजित प्रेमदासा द्वारा दूसरे ईरानी पोत के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, हमें इसकी जानकारी है और हम पोत पर मौजूद सभी लोगों की जान की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम को लेकर विचार कर रहे हैं।

## पीएम कार्की बोलीं—अब मेरा रोल पूरा हुआ, नेपाल के भविष्य के लिए चुनाव

# नेपाल चुनाव में 60% से अधिक मतदान अब परिणाम पर टिकीं सबकी निगाहें

ओली, बालेन शाह और गगन थापा के बीच कड़ा मुकाबला

**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल में आम चुनाव के लिए गुरुवार को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान संपन्न हो गया। चुनाव आयोग के अनुसार दोपहर तक लगभग 60% से अधिक मतदान दर्ज किया गया। हालांकि दूरदराज के कुछ इलाकों में मतदान देर तक जारी रहा, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत बाद में जारी किया जाएगा। चुनाव के बाद अब सभी की नजरें मतगणना पर हैं, जो रात 12 बजे से शुरू हो गई है। शुक्रवार को परिणाम आने की उम्मीद है। हालांकि चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक रुझानों के लिए 24 से 48 घंटे का समय लग सकता है, जबकि 165 सीटों के अंतिम नतीजे आने में



तीन से चार दिन तक लग सकते हैं। इससे पहले नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने काठमांडू के धापासी स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि चुनाव के साथ ही उनका दायित्व लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने इसे नेपाल के भविष्य के लिए अहम चुनाव बताया और उम्मीद जताई कि नई सरकार जल्द बनेगी।

### प्रमुख दावेदारों के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

इस चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, नेपाली कांग्रेस के नेता गगन थापा और काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। ओली ने भक्तपुर में मतदान किया, जबकि गगन थापा ने काठमांडू में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेन शाह ने भी काठमांडू में वोट डाला। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस बार चुनाव में पारंपरिक दलों और नए नेतृत्व के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### युवाओं की भागीदारी

नेपाल के चुनाव आयोग के मुताबिक इस चुनाव में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। करीब 10 लाख नए जेन जेड मतदाताओं ने इस चुनाव के लिए पंजीकरण कराया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इनमें से बड़ी संख्या में युवाओं ने मतदान किया। हालांकि युवाओं की वास्तविक भागीदारी का अंतिम आंकड़ा मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही जारी किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि युवाओं की सक्रियता इस चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि हाल के वर्षों में बेहतर शासन, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने में युवाओं की भूमिका बढ़ी है।

### प्रदर्शनों के बाद पहला चुनाव

यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि सितंबर 2025 में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद नेपाल में यह पहला आम चुनाव है। उस समय भ्रष्टाचार और खराब शासन के खिलाफ युवाओं के बड़े आंदोलन के बाद केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद देश की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनाई गई थी, जिसे छह महीने के भीतर चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्की ने कहा कि उनकी सरकार जल्द से जल्द सत्ता नई चुनी हुई सरकार को सौंपना चाहती है।

**नेपाल चुनाव की 5 बड़ी बातें**

- सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ
- लगभग 60% मतदान दर्ज किया गया
- रात 12 बजे से मतों की गिनती शुरू हुई
- 165 सीटों के नतीजे आने में 3–4 दिन लग सकते हैं
- पीएम पद के लिए ओली, गगन थापा और बालेन शाह प्रमुख दावेदार।

## मंत्री के लिखित आश्वासन मिलने के बाद ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल स्थगित



**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट एक्शन कमेटी (एम-टैक) ने बृहस्पतिवार शाम घोषणा की कि आधी रात से शुरू होने वाली उसकी अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल टाल दी गई है। यह फैसला राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक से लिखित आश्वासन मिलने के बाद लिया गया, जिसमें कहा गया है कि बजट सत्र समाप्त होने के बाद परिवहन से जुड़े मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा। 'स्कूल बस ओनर्स एसोसिएशन' के नेता अनिल गर्ग ने कहा कि मंत्री के अनुरोध के बाद हड़ताल एक सप्ताह के लिए टाल दी गई है।

## हरियाणा, पंजाब व यूपी को चलने वाली कई ट्रेनों का बदलेगा रूट

न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम जोरों पर

- उत्तर पश्चिम रेलवे पर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें होंगी प्रभावित
- दैनिक यात्रियों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर रेलवे के किशनगंज स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जा रहा है। इस वजह से उत्तर पश्चिम रेलवे पर चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनें इफेक्टेड रहेंगी। भारतीय रेलवे ने ट्रेनों का शेड्यूल जारी कर दिया है, जिससे सफर करने वालों को परेशानी न हो। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि यह काम 05 मई से 13 मई तक चलेगा. इस वह से कई ट्ररेनें बदले हुए मार्ग से चलेंगी. ट्रेन नंबर 54411 (रेवाड़ी-मेरठ छावनी) 05 से 13 मई तक बदले रूट दिल्ली छावनी-पटेल नगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला - नई दिल्ली से चलेगी. दयाबस्ती, विवेकानंदपुरी हॉल्ट, दिल्ली किशनगंज और सदर बाजार पर ठहराव नहीं होगा. दिल्ली सराय रोहिल्ला पर 17:02 बजे आगमन और 17:03 बजे प्रस्थान होगा। ट्रेन नंबर 14030 (मेरठ छावनी-श्रीगंगानगर) 05 मई से 13 मई नई दिल्ली-दिल्ली सराय रोहिल्ला- पटेल नगर-दिल्ली छावनी मार्ग से चलेगी. सदर बाजार, दिल्ली किशनगंज, विवेकानंदपुरी हॉल्ट और दयाबस्ती पर ठहराव नहीं होगा। दिल्ली सराय रोहिल्ला पर 09:20 बजे आगमन और 09:21 बजे प्रस्थान होगा।

ट्रेन नंबर 12485 (नांदेड-श्रीगंगानगर) 04 मई, 07 मई और 11 मई को ओखला - लाजपत नगर-पटेल नगर- दयाबस्ती-शकूरबस्ती मार्ग से चलेगी। नई दिल्ली पर ठहराव नहीं होगा। दिल्ली सफदरजंग पर 09:50 बजे आगमन और 09:55 बजे प्रस्थान होगा। ट्रेन नंबर 12439 (नांदेड-श्रीगंगानगर) 10 मई को इसी मार्ग से चलेगी। नई दिल्ली पर ठहराव नहीं होगा।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com